Covid is Back

# अनसेफ जोन में कटनी, फिर शुरू हुई कोरोना की चर्चा

## बाहर से आने वाले लोगों पर नजर जरूरी, डॉक्टर बोले-सतर्कता ही बचाव, सेफ ढंग से मनाएं न्यू ईयर सेलीब्रेशन

**कटनी, यशभारत।** कोविड के खतरे की खबरों के बीच लोगों में नई नई चर्चाएं शुरू हो गईं हैं। देश भर के टीव्ही चैनलों में पहले ही इसे लेकर बीते दो दिनों में जिन रिपोर्टस को दिखाया है उससे चिंता बढ़ गई है। कटनी जिले ने पहले और दूसरे दौर के कोविड लहर में काफी खामियाजा भुगता है। शहर के लोगों ने सबसे ज्यादा कीमत चुकाई। अब जबकि फिर से सब कुछ सामान्य हुआ था फिर चिंता होना जायज है।

### सबसे ज्यादा चिंता व्यापारियों को

सबसे ज्यादा चिंता उन व्यापारियों को है जो बड़ी मुश्किल से अपना व्यापार पटरी पर ला सके थे। उसके बाद चिंतित छात्र हैं जिनका भविष्य पढ़ाई से रौशन होने राह पर था। कटनी हर तरह से अनसेफ जिला है पहले और दूसरी कोविड लहर में करीब एक माह तक कोविड के मामले नही आए लेकिन जैसे ही एक दो मरीज सामने आये एक लंबी चेन बन गई।

### इसे भूला नहीं जा सकता

इसे भूला नहीं जा सकता कि कई युवा इसकी चपेट में आए और अपनी जान गंवा दी। उस दौर को याद कर कोई भी सिहर उठता है। सड़कों पर वो सन्नाटा। मास्क सेनेटाइजर का साथ जगह जगह पाबंदी भगवान की पूजा पाठ तक नहीं शादी विवाह का उत्साह नदारद वो कल्पना भी करना किसी खराब सपने जैसा है। घर में रहने की सजा लोगों ने एक दो नहीं लगभग 4 माह तक झेला।



### क्या फिर से आने वाली है यह स्थिति

क्या अब फिर से वहीं स्थिति आने वाली है? यह प्रश्न सभी के मन में उठना लाजिमी है पर अच्छी खबर यह है कि भारत का लगभग हर व्यक्ति वेक्सीनेट है। अभी तक जहां जहां भारत में यह नया वेरियेंट आया वह ज्यादा नुकसान नहीं दिखा रहा मतलब जिन लोगों को कोविड का लक्षण भी दिखा था वह पूरी तरह से सामान्य हैं पर जरूरत सतर्कता की है। मध्यप्रदेश सरकार ने सतर्कता के लिए मानीटरिंग शुरू कर दी है।

### क्यों है कटनी में एहतियात बरतना

कटनी जिले में विशेष एहतियात बरतना इसलिए भी जरूरी है क्योंकि यह ऐसा जिला है जो चारों दिशाओं से रेल और सड़क परिवहन के लिए उपयुक्त है। कटनी से लोग कहीं भी जाने के लिए ट्रेन तथा रोड के साधन का उपयोग करते हैं। कटनी से जुड़े पन्ना और बांधवगढ़ के लिए खास तौर पर न्यू ईयर में देश ही नहीं विदेशों से भी बड़ी संख्या में पर्यटकों को आगमन होता है जो लगभग शुरू हो चुका है। इन सब स्थितियों के बाद कटनी के निवासियों ही नहीं जिला प्रशासन को भी इसे गंभीरता से लेते हुए स्थिति पर नजर रखना जरूरी है।

### कोरोना से डरने की नहीं लेकिन सतर्कता की जरूरत

इधर शहर के वरिष्ठ चिकित्सकों ने साफ किया कि कोरोना से डरने की नहीं लेकिन सतर्कता की अत्याधिक आवश्यकता है लिहाजा शासन प्रशासन सख्ती दिखाए इससे पहले ही लोगों को सतर्क होकर उन तमाम उपायों को अपनाना चाहिए जो कोविड प्रोटोकाल के लिए आवश्यक हैं। फिलहाल मास्क दो गज दूरी कार्यक्रमों में भीड़ भाड़ आदि पर कोई बंदिश नहीं है यह खतरनाक हो सकता है। किसी भी सार्वजनिक स्थल पर जाने से पहले सोशल डिस्टेंसिंग का पालन साथ में मास्क का उपयोग करना चाहिए। सर्दी खांसी बुखार को हल्के में न लेकिर तत्काल डाक्टर से सलाह जरूरी है। इसके अलावा अगर दवा के बावजूद बुखार सर्दी सांस लेने में दिक्कत हो तो कोविड का टेस्ट भी कराया जाना उचित होगा। डाक्टरों का कहना है कि अगर नए वेरियेंट की दस्तक शुरू भीहुई है तो इसे टेस्ट से पता लगाने पर इसके उपचार की दिशा में सार्थक कदम बढ़ाया जा सकता है।

### सितंबर में ही भारत में आ चुका था नया वेरिएंट

कोरोना का खतरनाक चीनी वैरिएंट सितंबर महीने में ही भारत आ गया था। वडोदरा में एक महिला में इसके लक्षण मिले थे। वह अमेरिका से वडोदरा आई थी। उसके कॉन्टैक्ट में आए 2 अन्य लोगों की भी जांच हुई थी। हालांकि उनकी रिपोर्ट नेगेटिव आई थी। बाद में महिला ठीक हो गई थी। इसके अलावा [illegible]-7 के दो अन्य केस अहमदाबाद और ओडिशा में भी मिले थे। इधर, हेल्थ मिनिस्ट्री की हाई लेवल मीटिंग में मंडाविया ने कहा कि कोरोना अभी खत्म नहीं हुआ है, पर भारत हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। हमने सभी संबंधित लोगों को अलर्ट रहने और निगरानी बढ़ाने को कहा है। सूत्रों के मुताबिक एयरपोर्ट्स पर इंटरनेशनल फ्लाइट्स से आने वाले यात्रियों की रैंडम सैंपलिंग भी शुरू कर दी गई है।

# 4 गिरफ्तार फिर भी सोने का नहीं चला पता

## मणप्पुरम गोल्ड फाइनेंस कंपनी में करोड़ों की डकैती का मामला

**कटनी, यशभारत। मणप्पुरम फाइनेंस कंपनी में करोड़ों की डकैती मामले को 24 दिन का समय बीत गया है। इस बीच पुलिस के हत्थे बिहार की सुबोध गैंग के चार सदस्य लगे हैं। उन्होंने डकैती में शामिल होने की बात तो स्वीकारी है, लेकिन लूटा गया 15 किलो से अधिक सोना कहां है, अभी तक पुलिस उसे जब्त नहीं कर पाई है। पिछले 22 दिनों से पुलिस पकड़े गए आरोपितों से पूछताछ करने के साथ मिली जानकारी के आधार पर बिहार में अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर रही हैं लेकिन सोना का सुराग नहीं लगा सकी है।**



### लूटे गए सोना की लोकेशन बदल रही

बताया जाता है कि बिहार में कटनी पुलिस की टीमों के डेरे के चलते बेउर जेल से गैंग का संचालन करने वाला सुबोध सिंह कटनी से लूटे गए सोना की लोकेशन बदल रहा है। पांच दिन पहले कटनी पुलिस ने डकैती कांड के चौथे आरोपित मिथलेश उर्फ धर्मेन्द्र को दबिश देकर पकड़ा था और उसे कटनी लेकर आई है।आरोपित को सात की रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है लेकिन मामले में अभी तक उसने डकैती में शामिल होने और घटना को अंजाम देने के बाद विक्की के साथ कंपनी के कर्मचारी की गाड़ी लूटकर सतना की ओर भागने की बात स्वीकारी है। उसने गाड़ी को मैहर से पहले अमदरा के पास फेंककर कपड़े बदलकर ट्रेन से बिहार भागने की बात बताई है लेकिन सोना कहां है। इस बात की जानकारी पुलिस उससे नहीं उगलवा पाई है।मिथलेश की रिमांड दो दिन बाद समाप्त होने वाली है और उसके बाद पुलिस आगे उसकी रिमांड लेगी या नहीं, इस पर भी संशय है।

### दो टीमें अभी भी बिहार में ही डेरा डाले

फिलहाल कटनी पुलिस की दो टीमें अभी भी बिहार में ही डेरा डाले हुए हैं। मामले में पकड़े गए आरोपित शुभम तिवारी, अंकुश साहू व शाहबाज मोहम्मद से पूछताछ के बाद पुलिस जेल भेज चुकी है। बिहार की सुबोध सिंह की गैंग छह सदस्यों ने 26 नवंबर को दिन दहाड़े रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र के बरगवां स्थित मणप्पुरम गोल्ड लोन फाइनेंस कंपनी में हथियारों के बल पर डकैती डाली थी और 15 किलो से अधिक सोना लेकर फरार हो गए थे।मामले को लेकर रंगनाथ नगर थाना प्रभारी नितिन कमल ने बताया कि आरोपित से पूछताछ की जा रही है और बिहार में अभी टीमें सुराग जुटाने में लगी हुई हैं।

### पकड़े गए सटोरियों ने लिया कटनी का नाम

**कटनी।** रीवा और कटनी के क्रिकेट के बड़े सटोरिए जबलपुर से क्रिकेट सट्टा संचालित कर रहे थे। मंगलवार रात जबलपुर पुलिस ने करमेता में एक मकान में छापा मारा। पुलिस ने वहां से पांच सटोरियों को पकड़ा। पूछताछ के दौरान पांचों आरोपियों ने बताया कि वे रीवा निवासी कारू, कटनी निवासी गट्टू और जबलपुर निवासी राहुल साहू और पवन के लिए काम करते थे। आईडी और पासवर्ड उक्त चारों आरोपियों द्वारा उन्हें मुहैया कराया जाता था। उक्त आरोपियों द्वारा ही उन्हें ग्राहक भी मुहैया कराए जाते थे। हार जीत का पूरा हिसाब किताब और रकम सप्ताह में एक बार उक्त चारों आरोपितों को पहुंचाई जाती थी। यह पता चलने पर पुलिस टीम ने उक्त चारों आरोपितों को भी मामले में आरोपी बनाया है।

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम अमित कुमार नागवानी था, जो कि परिवर्तित होकर अमित नागवानी हो गया है। अतः अब मुझे मेरे नए नाम अमित नागवानी पिता राजकुमार नागवानी के नाम से जाना एवं पहचाना जावे।

**पुराना नाम- अमित कुमार नागवानी**
**नया नाम- अमित नागवानी**

पता- ब्लॉक नं. बी137 बिहाइंड स्टेट बैंक समदड़िया कॉलोनी आचार्य कृपलानी वार्ड मुड़वारा कटनी (म.प्र.) 483504

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विवाह के पूर्व मेरा नाम दीपा हर्जानी पिता सुरेशचंद्र हर्जानी था, जो कि विवाहोपरांत परिवर्तित होकर हर्षिता नागवानी हो गया है। अतः अब मुझे मेरे नए नाम हर्षिता नागवानी पति अमित नागवानी के नाम से जाना एवं पहचाना जावे।

**पुराना नाम- दीपा हर्जानी**
**नया नाम- हर्षिता नागवानी**

पता- ब्लॉक नं. बी/137 एसबीआई बैंक के पीछे समदड़िया कॉलोनी माधवनगर मुड़वारा कटनी 483504

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विवाह के पूर्व मेरा नाम निशा बजाज पिता रोशन बजाज था, जो कि विवाहोपरांत परिवर्तित होकर मान्या नागवानी हो गया है। अतः अब मुझे मेरे नए नाम मान्या नागवानी पति हितेश नागवानी के नाम से जाना एवं पहचाना जावे।

**पुराना नाम- निशा बजाज**
**नया नाम- मान्या नागवानी**

पता- ब्लॉक नं. 137 एसबीआई बैंक के पीछे समदड़िया कॉलोनी मुड़वारा कटनी 483504

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं प्रवीण कुमार पुरवार जन्म दिनांक 27.09.1984 निवासी मकान क्रमांक 23/179 घंटाघर रोड रघुनाथगंज वार्ड, कटनी म.प्र.। मेरे ड्राइविंग लायसेंस एवं दसवीं की अंकसूची में मेरा नाम प्रवीण पुरवार दर्ज है। सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भविष्य में मेरा नाम प्रवीण कुमार पुरवार सभी दस्तावेजों में लिखा एवं पढ़ा जाए।

**सही नाम- प्रवीण कुमार पुरवार**
(Praveen Kumar Purwar)
DOB: 27/09/1984

### नाम सुधार

मैं घोषणा कर्ता/सूचना देता राम बाबू भगत **(RAM BABU BHAGAT)** पिता श्री चन्द्रकेत नारायण आयु 57 वर्ष निवासी छपरवाह मंगलनगर कटनी (म.प्र.) घोषित/सूचित करता हूं कि मेरा नाम आयुध निर्माणी कटनी के सर्विस रिकार्ड में राम बाबू भक्त दर्ज है जबकि मेरा वास्तविक नाम राम बाबू भगत **(RAM BABU BHAGAT)** है जो सत्य व सही है तथा मेरे सभी औपचारिक दस्तावेज आधार कार्ड, पेन कार्ड, बैंक पासबुक आदि में दर्ज है। अस्तु मेरा वास्तविक नाम राम बाबू भगत **(RAM BABU BHAGAT)** है, इसी नाम से जाना एवं पहचना जाये।

### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित कियाजाता है कि मेरी फर्म कटनी दाल एंड बेसन मिल प्लाट नंबर 38.39 तथा 67.68 लमतरा इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित है। जिसे विक्रेता/लीज कर्ता विकास अग्रवाल तथा दूसरी लीज डीड विक्रेता कपिल राजपाल से बैनामा दिनांक 08.01.2021 एवं 18.08.2021 के माध्यम से क्रय किया हुआ है। मेरे क्रय करने से पहले मेरे पूर्व क्रेता/खरीददार ने दिनांक 08.04.2013 एम. पी. औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड जबलपुर में लीज डीड प्लाट नंबर 38.39 तथा इसी प्रकार दूसरी लीज डीड प्लाट नंबर 67.68 दिनांक 14.10.2014 को मेसर्स वैष्णवी दाल मिल के नाम से पहले संचालित थी जिसे बाद में रजिस्टर्ड डीड दिनांक 16.06.2016 को कपिल राजपाल ने क्रय किया था। से संबंधित मेरे विक्रेता कपिल राजपाल एवं विकास अग्रवाल द्वारा एम. पी. औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड जबलपुर से क्रय करने बावद के मेरे क्रय करते समय लिंक बैनामे असल प्रदान की गई थी जो दिनांक 19.12.2022 को लमतरा स्थित दाल मिल जाते समय गिर गई है, बहुत तलाशने के बाद में भी नहीं मिल सकी है जिसकी रिपोर्ट शिकायत पुलिस थाना कोतवाली कटनी में की हुई है। जिस किसी महानुभाव/व्यक्ति/संस्था को उपरोक्त दस्तावेज प्राप्त हुए हों निम्नानुसार पते पर पहुंचाने का कष्ट करें, तथा किसी व्यक्ति/संस्था/शासकीय/अर्धशासकीय/प्राइवेट या अन्य किसी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो अथवा कोई दावा हो तो 7 दिवस के भीतर मेरे दिये गए पते अथवा मोबाइल नंबर पर लिखित/मौखिक आपत्ति दर्ज करें। इसके पश्चात की गई कोई भी आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

कटनी, दिनांकः- 22.12.2022

**भवदीयः- रजत जैन वल्द श्री जिनेन्द्र कुमार जैन (उम्र 28 वर्ष) निवासी आचार्य कृपलानी वार्ड क्रमांक 41 उत्कृष्ठ विद्यालय के पास समदड़िया सिटी माधवनगर कटनी म.प्र., मो. 9130062000**


# हिंसा से कैसे बचें, दी गई जानकारी



**कटनी, यशभारत।** गत दिवस मध्य प्रदेश जन अभियन परिषद् विकासखंड कटनी के अंतर्गत मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम मैं अध्ययनरत बीएसडब्ल्यू और एमएसडब्ल्यू छात्र-छात्राओं द्वारा सेक्टर क्रमांक 5 के ग्राम भनपुरा नंबर 01 और शिवराजपुर के ग्राम पंचायत एवं प्राथमिक विद्यालय भनपुरा नंबर 01 में माह दिसंबर के प्रदत्त कार्य के विषय महिला हिंसा के विषय में जानकारी दी गई, समाज में बढ़ रहे अपराधों की जानकारी दी। कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक श्री बालमुकुंद मिश्र, परामर्शदाता सुरेंद्र शुक्ला, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति भनपुरा के सचिव माधव राठौर तथा शिवराजपुर के अध्यक्ष शालिग्राम साहू के साथ अन्य सदस्य गण एवं एमएसडब्लू छात्रों में - भारती बर्मन, माधव राठौर, रजनी गर्ग, तुलसा राय, सुजाता दुवे, राजेश नायक, प्रशांत खंपरिया, की उपस्थित रही। विद्यालय के अध्यापक एवं अध्यापिकाओं विद्यालय के छात्र - छात्राओं ग्राम की आशा व आगनवाड़ी कार्यकर्ता, ग्राम के सचिव, सहायक सचिव के सहयोग से कार्यक्रम संपन्न हुआ।

हरे माधव दयाल की दया

### पगड़ी रस्म




**श्री हरबक्शराय बासरानी**

**पिताः- स्व. श्री वणिजमल बासरानी**

स्व. श्री माधवदास, स्व. श्री हरिराम बिहन वाले एवं लक्ष्मणदास बासरानी (भाई), राजकुमार, नरेशकुमार, गुरमुखदास बासरानी (पुत्र), भीषम कुमार, जयकिशन, अनमोल, प्रवीण (पौत्र)

**फर्मः- अमरदीप ऑटोमोबाइल्स बस स्टैंड कटनी**
**श्री माधव कृषि फार्म मोहनिया**

**दिनांकः- 23.12.2022 दिन शुक्रवार समयः- दोपहर 1 बजे से 1.30 तक**
**स्थानः-** बाबा माधवशाह भवन माधव नगर
**नोटः-** महिलाओं की बैठक निज निवास बासरानी भवन में रखी गई है

**शोकाकुलः- बासरानी परिवार, मो. -9977920441**

यदि आप तक समय पर
यश भारत
नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें
फोन :- 230033

### कार्यालय मुख्य अभियंता (मध्य क्षेत्र) लोक निर्माण विभाग जबलपुर

E-mail:- cepwdcentral@mp.nic.in Phone No. 0761-2621541 Fax No. 0761-2678521

निविदा सूचना कमांक-17/सा/2022-23 जबलपुर, दिनांक 15.12.2022

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के मार्फत निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान करने पर वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे।

| स. क्र. | टेण्डर आई. डी. | जिला/संभाग | कार्य का नाम | आमंत्रण | ठेके की अनुमानित राशि (लाख में) | अमानत राशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र राशि | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2022_PWDRB_237952_1 | कटनी | पिपरौंध निवार देवरी हटाई बड़वारा बसाडी अमाडी विजयराघवगढ़ कैमोर मार्ग लं. 9.10 कि.मी. का निर्माण कार्य। | प्रथम | 1403.04 लाख | 10,00,000/- | 30,000/- | 18 माह वर्षाऋतु सहित |

टीपः- निविदा का विस्तृत विवरण (टेण्डर डाक्यूमेंट) म.प्र. शासन की निविदा पोर्टल http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा ऑनलाईन क्रय करने की अंतिम तिथि 05.01.2023 समय 5:30 PM तक है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त बेवसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा।

जी- 20679/22 मुख्य अभियंता (मध्य क्षेत्र) लोक निर्माण विभाग जबलपुर

नीरज सिनेप्लेक्स में




ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 23 से 12,3 एवं सायं 6 बजे से
सर्कस
कलाकार- रणवीर सिंह, पूजा हेगड़े, जैकलिन फर्नांडिस, वरूण शर्मा आदि।
टिकट दर बालकनी क्लास- 100/- बॉक्स- 120/- लोवर क्लास-60/- अपर क्लास-80/-

सिटी मॉल बरही रोड में
शानदार दूसरा सप्ताह




रोजाना 4 शो ता. 25 से सुबह 11-2डी, 2.30-3डी, 6-3डी एवं रात्रि 9.30-2डी बजे से
अवतार
3D (हिन्दी में)
टिकट रेट
3डी- 250/-, 220/-,150 /-
2डी - 250/-, 230/-,190 /-
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
कॉमेडी का नया तड़का क्रिसमस और नये वर्ष में सपरिवार देखने योग्य फिल्म
रोजाना 5 शो ता. 25 से
सुबह 10.45, 1.15, 4, 7 एवं रात्रि 10 बजे से




सर्कस
कलाकार- रणवीर सिंह, पूजा हेगड़े, जैकलिन फर्नांडिस, वरूण शर्मा आदि।
टिकट रेट
300/-
220/-
150 /-
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, गुरुवार, 22 दिसम्बर 2022

आज की खबर अभी, आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

# किसानों के चकाजाम के बाद पहुंचा खाद का रैक

## लापरवाही पर कलेक्टर ने सहायक आयुक्त एवं जिला विपणन अधिकारी को थमाया नोटिस

यश भारत फॉलोअप

**कटनी, यशभारत।** जिले में यूरिया खाद की कमी और खाद के लिए पिछले कई दिनों से परेशान किसानों द्वारा घंटाघर रोड पर बुधवार को किए गए चक्काजाम को कलेक्टर अवि प्रसाद ने गंभीरता से लिया है। इस मामले में लापरवाही पाए जाने पर कलेक्टर ने सहायक आयुक्त एवं जिला विपणन अधिकारी को नोटिस जारी किया है। इस सबके बीच जिले में यूरिया खाद की एक और रैक पहुंच गई है। कलेक्टर अवि प्रसाद ने बताया कि समिति प्रबंधक द्वारा अधिक टोकन बांट दिए जाने के कारण यह स्थिति बनी थी। समन्वय की कमी भी दिखाई दी है।

गौरतलब है कि विपणन सहकारी समिति घंटाघर में खाद के लिए परेशान किसानों ने बुधवार को प्रदर्शन किया। टोकन मिलने के दो दिन बाद भी यूरिया खाद नहीं मिलने के कारण गुस्सा फूट पड़ा और सड़क पर प्रदर्शन किया। सूचना मिलने पर कोतवाली टीआई अजय सिंह मौके पर पहुंचे। किसानों से बात कही और सभी को समिति में लेकर




पहुंचे और खाद न मिलने का कारण पूछा। इस दौरान तहसीलदार संदीप श्रीवास्तव, तहसीलदार सच्चिदानंद त्रिपाठी व सहायक सहाकारिता आयुक्त राजयशवर्धन कुरील भी मौके पर पहुंचे। किसानों को समझाया और कहा कि रैक आ गया है। 2 से 3 घंटे में टोकन कटने वाले किसानों को खाद उपलब्ध करा दी जाएगी, तब किसान माने। किसानों ने आरोप लगाया कि अधिकारियों की मिलीभगत से खाद की कालाबाजारी हो रही है।

### लापरवाही के जिम्मेदार दो अफसरों को नोटिस

विपणन सहकारी समिति घंटाघर में किसानों को खाद न मिलने व प्रदर्शन के मामले को कलेक्टर अवि प्रसाद ने तत्काल संज्ञान में लेते हुए घंटाघर समिति में यूरिया उर्वरक उपलब्ध करवाया। सीधे तौर पर जिम्मेदार दो अधिकारियों को नोटिस जारी किया है। कलेक्टर ने सहायक आयुक्त सहकारिता राजयश वर्धन कुरील और जिला विपणन अधिकारी अमित तिवारी को इस लापरवाही के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस में कहा गया है, असजगता के कारण सहकारी समिति घंटाघर में किसानों को खाद वितरण का कार्य बाधित हुआ है।

### जिले में अब नहीं होगा खाद का संकट

जिले में यूरिया खाद की एक और रैक बुधवार की सुबह पहुंची। जानकारी के अनुसार 1435 मेट्रिक टन यूरिया की रैक आई है। यूरिया उर्वरक की रैक झुकेही रैक प्वाइंट पर लग गई है, जहां से परिवहन कर यूरिया जिले में लाई जा रही है। सरकारी क्षेत्र में समितियों, एमपी एग्रो और डबल लॉक को 830 मेट्रिक टन, निजी क्षेत्र में 605 मेट्रिक टन और उर्वरक जिले को प्राप्त हुआ है।



# नोटिस में गलत तारीख, रविवार को मीटर जांच कराने परेशान हुआ उपभोक्ता

## विद्युत विभाग की लापरवाही का नया मामला

**कटनी, यशभारत।** विद्युत विभाग की लापरवाही रूकने का नाम नहीं ले रही है। एक के बाद एक मामले सामने आने के बाद भी इसका निराकरण नहीं किया जा रहा है। इसी तरह का एक मामला साामने आया है, जिसमे एक उपभोक्ता के घर से निकाले गए मीटर की विधिवत जांच के लिए उपभोक्ता ने जब आवेदन दिया, तो उसे रविवार को जबलपुर स्थित कार्यालय में उपस्थित होकर मीटर की जांच कराने के लिए नोटिस दिया गया। उपभोक्ता जब वहां पहुंचा तो कार्यालय में ताला लटका हुआ था। उपभोक्ता ने जब विद्युत विभाग के अधिकारियों को इसकी जानकारी दी तो उनका कहना था कि नोटिस में 12 दिसम्बर लिखा हुआ था, उस दिन अवकाश नहीं था। अब इस मामले को कोर्ट में चुनौती देने की तैयारी की जा रही है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक खिरहनी निवासी उपभोक्ता सुशील बाई विश्वकर्मा के घर पर लगे मीटर में रीडिंग अधिक आने की शिकायत के बाद विद्युत विभाग द्वारा इसे बदलकर नया मीटर लगाया गया था। पुराने मीटर की विधिवत जांच के लिए उपभोक्ता द्वारा आवेदन दिया गया था। जिस पर सहायक अभियंता ने मीटर जांच के लिए नोटिस जारी किया था। मीटर की जांच जबलपुर स्थित विद्युत विभाग के कार्यालय में उपभोक्ता की उपस्थिति में की जानी थी। नोटिस में 18 दिसंबर अंकित था, जबकि विद्युत विभाग का कहना है कि 18 नहीं बल्कि 12 दिसंबर लिखा हुआ है। नोटिस लेकर 18 दिसंबर को जब उपभोक्ता जबलपुर स्थित कार्यालय में पहुंचे तो वहां कार्यालय बंद था। उपभोक्ता का कहना है कि नोटिस में साफ तौर पर 18 दिसंबर लिखा हुआ है, इसके बाद भी विद्युत विभाग के अधिकारी इस बात को मानने को तैयार नहीं हो रहे हैं। विभाग की लापरवाही को लेकर उपभोक्ता द्वारा न्यायालय की शरण ली जा रही है।



# ढीमरखेड़ा के सरकारी स्कूल में 8 साल से लगा ताला

## कलेक्टर से शिकायत, जांच करने पहुंचे डीईओ, कर्मचारी नहीं दे पाए जवाब, एसडीएम ने कहा : जांच कराकर दोषियों पर करेंगे कार्रवाई

**कटनी, यशभारत।** जनपद शिक्षा केंद्र ढीमरखेड़ा के अंतर्गत आने वाले ग्राम केवलारी में शासकीय शाला भवन में 8 वर्षों से ताला लगा होने के कारण बच्चों को बाहर पढ़ाई करवाई जा रही है। स्कूल भवन में ग्राम के व्यक्ति के द्वारा ताला लगा कर रखा गया है। मामले की शिकायत कलेक्टर अवि प्रसाद से की गई है। लापरवाही पर पर्दा डालने पर जिम्मेदार कसर नहीं लगा रहे। तीन दिन बीतने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। बुधवार दोपहर जिला शिक्षा अधिकारी पृथ्वीपाल सिंह जनपद शिक्षा केंद्र पहुंचे, जहां उन्होंने प्राचार्य एवं ऑपरेटरों की बैठक ली। कार्यालय के बाहर आने पर ग्रामीणों के द्वारा मामले को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी से चर्चा की तो उन्होंने संबंधित स्टॉफ से जानकारी मांगी। गंभीर समस्या का संतोषजनक जवाब नहीं मिल पाया। एसडीएम नदीमा सीरी ने बताया कि राजस्व अमले को भूमि सीमांकन के लिए ग्राम भेजा गया था। शिक्षा विभाग का जांच प्रतिवेदन प्राप्त नहीं हो पाया। शुरुआती दौर में शिक्षा विभाग की लापरवाही सामने आ रही है। मामले की जांच करवा कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# पहले सलैया पुलिस, फिर आबकारी विभाग ने दी दबिश

## ग्राम नयाखेड़ा में शराब बिक्री पर कार्रवाई, 26 पाव मदिरा जब्त

**रीठी/कटनी, यशभारत।** रीठी थाना क्षेत्र की सलैया पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम नयाखेड़ा में अवैध शराब की खुलेआम बिक्री को लेकर पुलिस ने एक्शन लिया है। यशभारत में खबर प्रकाशित होने के बाद 20 दिसंबर को सलैया पुलिस ने कार्रवराई करते हुए अवैध शराब जब्त की है। सलैया चौकी प्रभारी अनिल पांडेय द्वारा कल 22 दिसंबर को 12 बजे ग्राम नयाखेड़ा में अवैध शराब विक्रय करने वाली महिला कल्लू बाई सोनकर के घर छापा मारकर उसके कब्जे से 26 पाव देशी मदिरा जप्त कर आबकारी अधिनियम 34-1 के तहत मामला दर्ज करते हुए कार्यवाही की है। बताया जाता है कि दोपहर बाद करीब 3 बजे आबकारी विभाग की टीम ने कल्लू बाई सोनकर के घर दबिश देकर अवैध शराब जप्त कर आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की है। दो अलग-अलग कार्यवाही से ग्राम नयाखेड़ा में हड़कंप मच गया है। विदित हो कि नयाखेड़ा में दौरे पर आए विधायक प्रणय पांडेय को घेरकर महिलाओं ने अवैध शराब पैकारी को पूर्णतः बंद किये जाने को लेकर विरोध व आक्रोश जताया था। जिस पर विधायक द्वारा मौके पर ही सलैया चौकी प्रभारी अनिल पांडे को आदेश निर्देश दिया था और उनके द्वारा यह कहा गया था कि कल से अवैध शराब विक्रय बंद करा दिया जाएगा।



# कृष्ण-रुक्मणी विवाह में उमड़ा आस्था का सैलाब

### धूमधाम से निकली बारात, नाचते-गाते रहे बाराती, विगढ़ में श्रीमद्भागवत कथा महायज्ञ का आयोजन

**विजयराघवगढ़, यशभारत।** ऐतिहासिक एवं धार्मिक नगरी विजयराघवगढ़ के वार्ड क्रमांक 11 में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में दिवस श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह संपन्न कराया गया। कथा व्यास अनुज कृष्ण शास्त्री ने कथा का वर्णन करते हुए बताया गया कि ठर्की कंस का बध करने जब श्रीकृष्ण गोकुल ब्रज से विदा हुए तो नन्दबाबा और यशोदा माता के साथ साथ पुरवासी ही नहीं, अपितु वहां के पशु-पक्षी भी किस तरह दुखी हुए। कथा को श्रवण कर उपस्थित श्रोताओं के आखों में अश्रू बहने लगे। भक्ति में भाव विभोर श्रद्धालु भक्तजनों की उपस्थिति में श्री भगवान करषण कन्हैया व माता रुक्मिणी थी, जिसमे मुरलीधर मंदिर से सैकड़ों बरातियों ने कृष्ण भगवान की बारात निकाली। बड़े ही धूमधाम के साथ बैंड बाजे आतिशबाजी के साथ गीत संगीत में नाचते गाते बराती कथा स्थल पहुंचे। विवाद की इस बेला में मनीष मिश्रा और हरिश दुवे सम्धी की भूमिका में नजर आए। श्रीकृष्ण की तरफ से माता पिता के रुप में वसुधा माता तो पीता मनीष मिश्रा रहे, वहीं दूसरे पक्ष से रुक्मणी की माता राजेश्वरी दुबे और पीता हरिश दुबे रहे। बारातियों का स्वागत सत्कार हरिश दुबे ने अपने सहयोगियों के साथ किया।





### इनकी रही उपस्थिति

श्रीमद्भागवत कथा में अभिषेक अवस्थी, मुकेश उमरे, रुची विश्वकर्मा, गोलू मिश्रा, जय उरमलिया, रमाकांत तिवारी, मनोज गुप्ता, रजनीश मिश्रा, माधव मिश्रा, एडवोकेट शिव कुमार मिश्रा, रवि सिंह परिहार, धार्मिक मिश्रा, कुनाल जोशी, प्रमोद मिश्रा, विनोद मिश्रा, सरमन लाल गुप्ता, राकेश ताम्रकार, अंजनी आदि की उपस्थिति रही।

# 23 मार्च से शुरू होगी कक्षा 5वी एवं 8वी की परीक्षाएं

### कक्षा आठवी का टाइम टेबिल

| तारीख | दिन | विषय |
|---|---|---|
| 23.03.2023 | गुरूवार | (गणित अथवा संगीत दृष्बािधितों हेतु) |
| 25.03.2023 | शनिवार | विज्ञान |
| 27.03.2023 | सोमवार | सामाजिक विज्ञान |
| 29.03.2023 | बुधवार | प्रथम भाषा – विशिष्ट हिन्दी/अंग्रेजी/ उर्दू/मराठी |
| 31.03.2023 | शुक्रवार | द्वितीय भाषा – सामान्य अंग्रेजी (अंग्रेजी माध्यम को छोड़कर) अथवा सामान्य हिन्दी (जिनकी प्रथम भाषा अंग्रेजी है) |
| 01.04.2023 | शनिवार | तृतीय भाषा – संस्कृत/सामान्य (हिन्दी/उर्दू/मराठी/उड़िया/ पंजाबी/अन्य) अथवा चित्रकला (मूक–बधिरों हेतु) |

### कक्षा पांचवी का टाइम टेबिल

| तारीख | दिन | विषय |
|---|---|---|
| 23.03.2023 | गुरूवार | (गणित अथवा संगीत दृष्बािधितों हेतु) |
| 25.03.2023 | शनिवार | प्रथम भाषा – विशिष्ट हिन्दी/अंग्रेजी/ उर्दू/मराठी |
| 27.03.2023 | सोमवार | पर्यावरण अध्ययन |
| 29.03.2023 | बुधवार | द्वितीय भाषा सामान्य अंग्रेजी, (अंग्रेजी माध्यम को छोड़कर) सामान्य हिन्दी (जिनकी प्रथम भाषा अंग्रेजी है) |
| 31.03.2023 | शुक्रवार | अतिरिक्त भाषा – सामान्य उर्दू/हिन्दी/अन्य |
| 01.04.2023 | शनिवार | ------------------ |

नोट = दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के प्रावधान अनुसार नि:शक्त विद्यार्थियों को मूल्यांकन निर्देशानुसार अतिरिक्त समय/लेखक अनिवार्यतः प्रदान किया जाएगा।

### राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल ने जारी किया टाइम टेबल, तैयारियों के निर्देश, तैयारियों में जुटा शिक्षा विभाग

**कटनी, यशभारत।** राज्य शिक्षा केन्द्र ने कक्षा पांचवी एवं आठवी की वार्षिक परीक्षाओं का टाइम टेबिल जारी कर दिया है। राज्य शिक्षा केन्द्र आरएसके के संचालक धनराजू एस द्वारा घोषित किए गए टाइम टेबिल के अनुसार प्रदेश की समस्त शासकीय, मान्यता प्राप्त अशासकीय एवं अनुदान प्राप्त शालाओं तथा डाईस कोड प्राप्त मदरसों में अध्ययनरत कक्षा पांचवी एवं आठवी के छात्रों की वार्षिक परीक्षा सत्र 2022-23 का आयोजन आगामी 23 मार्च



2023 से 1 अप्रैल 2023 के मध्य किया जाएगा। उक्त परीक्षा हेतु निर्धारित समय सारणी परिशिष्ट 1 अनुसार एवं प्रश्नपत्रों के स्वरूप का ब्लूप्रिंट परिशिष्ट 2 भी जारी किया गया है। जिला परियोजना समन्वयक के के डेहरिया ने यशभरत को बताया कि राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देशों के साथ ही जिले में कक्षा पांचवी एवं आठवीं की वार्षिक परीक्षाओं की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। स्कूलों में कोर्स पूरा कराने के लिए कहा गया है।

### सुनील सिंह के निधन पर शोक

**कटनी, यशभारत।** रोशन नगर निवासी सुनील सिंह राना भैया का विगत दिवस ह्दयघात से आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर से रोशन नगर क्षेत्र में शोक व्याप्त हो गया। उनकी अंतिम यात्रा आज सुबह 10 बजे उनके निवास अनन्या मेडिकल के सामने, रोशन नगर से एनकेजे मुक्तिधाम के लिए रवाना हुई। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में सभी वर्गों के लोगों ने शामिल होकर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने एवं परिवार पर आए इस गहन दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। निधन पर पूर्ष पार्षद मनोज गुप्ता एवं नेता प्रतिपक्ष नगर निगम रागिनी गुप्ता ने गहन शोक व्यक्त किया है।

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033

# क्रिसमस के लिए 8 दशकों से केक बना रहा मुस्लिम परिवार

**कटनी, यशभारत।** शहर में क्रिसमस की तैयारियां शुरू हो चुकी है। चर्चों और गिरजाघरों में विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन का सिलसिला शुरू हो गया है। घरों में मसीही समाज द्वारा आाकर्षक साज-सजावट की जा रही है। क्रिसमस के दौरान सबसे ज्यादा डिमांड केक की रहती है। मसीही समाज द्वारा घरों में केक बनाकर सेलीब्रेट किया जाता है। इस सबके बीच कटनी में एक परिवार ऐसा भी है, जो पिछले 80 सालों से क्रिसमस एवं न्यू ईयर पर लजीज केक बनाता आ रहा है। आज से 8 दशक पहले मिशन चौक स्थित नगीना मस्जिद के पीछे रहने वाले मोहम्मद याकूब ने इस व्यवसाय की नींव रखी थी। इस व्यवसाय को यार मोहम्मद ने आगे बढ़ाया और आज उनकी तीसरी पीढ़ी के रूप में मोहम्मद मतीन इसे संभाल रहे हैं। क्रिसमिस हो, न्यू ईयर हो, बर्थ डे पार्टी हो या फिर विवाह का शुभ अवसर, इनके द्वारा तैयार केक के बिना हर पार्टी अधूरी रहती है। इनके द्वारा तैयार आयटम शहर के हर वर्ग और धर्म के लोगों के बीच हाथोंहाथ बिकते हैं। शौकिया तौर पर लोग भले ही घरों में कभी-कभार केक या बिस्किट्स तैयार कर लें लेकिन त्योहारी मौकों पर लोग आज भी बेकरी जाना पसंद करते है। यही कारण है कि आज भी क्रिसमिस के मौके पर मून बेकरी में ग्राहकों की भीड़ लगी रहती है। मोहम्मद मतीन ने बताया कि क्रिसमिस के लिए ही वे अभी तक 6 हजार के लगभग केक तैयार कर चुके हैं। केक के वे ग्राहकों से सामान स्वयं मंगवाते हैं। केक के रंग इलाहाबाद से मंगवाते है। केक और बिस्किट के अलावा स्वीट बन, पिंजा वेजीटेबल, कटलेट कबाब तथा अन्य आधुनिक आयटम की डिमांक अधिक है। मोहम्मद मतीन ने बताया कि नई टेक्नालॉजी के बावजूद बैकरी में बनने वाले केक की मांग कम नहीं हुई है।



पर्व की तैयारियों के बीच बेकरी के केक की डिमांड अधिक

सस्ती सुंदर 125/- में सिंगल बेड
पता- होटल गणपति प्लाजा
लक्ष्मीनारायण मंदिर के पास वाली गली कमानियागेट कटनी, मो. नं. 7389565610
(एसी रूम उपलब्ध है)






# भोपाल गैस पीड़ितों के आंकड़ों में सुधार नहीं हुआ तो 26 दिसंबर के बाद आंदोलन, संगठनों ने दी चेतावनी

**भोपाल,यशभारत।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में वर्ष 1984 में हुए गैस हादसे के पीड़ितों के आंकड़ों में सुधार का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। गैस पीड़ितों के 26 दिसंबर तक किए गए वादे के मुताबिक आंकड़े जारी नहीं किये तो संगठन आंदोलन की राह पर बढ़ सकते हैं। भोपाल में यूनियन कार्बाइड हादसे के पीड़ितों के पांच संगठनों ने दिसम्बर 1984 के गैस हादसे में हुई मौतों और चोटों के आंकड़ों पर राज्य और केंद्र सरकारों की चुप्पी की निंदा की। उन्होंने घोषणा की है कि यदि उन्हें 26 दिसम्बर तक सुधार याचिका में आंकड़ों के सुधार की जानकारी नहीं मिली, तो वे सरकारों से अपना वादा पूरा करवाने के लिए शान्तिपूर्ण जन आन्दोलन शुरू करेंगे।

### 10 जनवरी को सुनवाई

भोपाल गैस हादसे के लिए अमरीकी कम्पनी यूनियन कार्बाइड और उसके मालिक डाव केमिकल से अतिरिक्त मुआवजे की मांग करते हुए 2010 में केन्द्र सरकार ने सुधार याचिका दायर की थी। इस पर 10 जनवरी को सुनवाई होगी।

### सरकार ने दिया था आश्वासन




भोपाल गैस पीड़ित महिला स्टेशनरी कर्मचारी संघ की अध्यक्ष रशीदा बी ने कहा कि 17 नवंबर को भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग की प्रमुख सचिव ने एक बैठक में हमें आश्वासन दिया कि मुख्यमंत्री के विचारों के अनुरूप राज्य सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि सुधार याचिका में हादसे से जुड़ी मौतों का आंकड़ा 5,295 से 15,342 तक संशोधित किया जाए। इसके अलावा सभी 5,21,332 लोगों को लगी चोटों को अस्थाई के बदले स्थायी प्रकृति का माना जाए, यह आश्वासन भी उन्होंने दिया था। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट में दस्तावेज जमा किए हुए दो हफ्ते बीत चुके हैं। हम अभी भी यह नहीं जानते हैं कि राज्य सरकार ने वाकई आंकड़े सुधारे हैं या नहीं।

### सुधार के आंकड़े जमा किए

भोपाल गैस पीड़ित निराश्रित पेंशनभोगी संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष बालकृष्ण नामदेव ने कहा, अटॉर्नी जनरल के कार्यालय के निर्देशों के मुताबिक, हमने हादसे से हुए नुकसान के आंकड़ों के सुधार के लिए दस्तावेज जमा कर दिए हैं। हालांकि, हम अभी भी इस बात की पुष्टि का इंतजार कर रहे हैं कि हमारे द्वारा भेजी गई जानकारी वास्तव में सुप्रीम कोर्ट को सौंपे गए दस्तावेजों के संकलन में शामिल की गई है।

### 26 दिसंबर के बाद आंदोलन

भोपाल गैस पीड़ित महिला पुरुष संघर्ष मोर्चा की शहजादी बी ने कहा, अक्टूबर माह से सुधार याचिका पर कार्यवाही शुरू होने के बाद से हम अपना काम शान्ति और धीरज के साथ कर रहे हैं। याचिका पर जल्द ही सुनवाई होनी है और अगर हादसे से हुई वास्तविक क्षति के बारे में जजों को अंधेरे में रखा गया तो सुधार याचिका का पूरा बिंदु ही खो जाएगा और भोपाल गैस पीड़ित फिर से न्याय से वंचित कर दिए जाएँगे। हम 26 दिसम्बर तक इंतजार करेंगे कि सरकारें हमें बताएँ कि उनके वादों के मुताबिक मौतों और स्वास्थ्य को पहुंची क्षति के आंकड़ों को वाकई सुधारा गया है। 26 दिसंबर के बाद हम अपने संवैधानिक और कानूनी अधिकारों के समर्थन में बड़े पैमाने पर शांतिपूर्ण सीधी कार्रवाई शुरू करेंगे।

### कथनी और करनी में फर्क का आरोप

डॉव कार्बाइड के खिलाफ बच्चों की नौशीन खान ने कहा है, अक्टूबर में अटॉर्नी जनरल ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि उनकी सरकार भोपाल पीड़ितों के सर्वोत्तम हितों को सुरक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है। यदि वास्तव में सरकार ने अपना वादा निभाया है तो इस मसले पर पारदर्शिता का इतना अभाव क्यों है? सरकार की कथनी और करनी में इतना फर्क क्यों होता है?

### अधिकारी नहीं दे रहे जानकारी

केंद्र और राज्य सरकार के अधिकारियों नौकरशाहों की इस मामले में साधी गई चुप्पी के खिलाफ बोलते हुए भोपाल ग्रुप फॉर इंफॉर्मेशन एंड एक्शन की रचना ढींगरा ने कहा, हमने केंद्र सरकार के रसायन और उर्वरक मंत्रालय के अधिकारियों और राज्य सरकार के भोपाल गैस त्रासदी राहत और पुनर्वास विभाग के अधिकारियों से मुलाकात की।

# शराब नीति पर फिर मुखर हुई फायर ब्रांड उमा भारती

**भोपाल, ईएमएस। मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और फायर ब्रांड नेत्री उमा भारती शराब बंदी और शराब नीति को लेकर एक बार फिर मुखर हो गई हैं। उन्होंने कहा है कि मेरी सरकार से बात हुई है और आश्वासन मिला है कि नई शराब नीति में उनकी बातों का ध्यान रखा जाएगा।**



बता दें कि भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेता उमा भारती खंडवा पहुंची थीं। वहां उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कई मुद्दों पर बात रखी। उन्होंने मध्यप्रदेश में शराब बंदी और शराब नीति पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा है कि मैंने पार्टी के सांसद और विधायकों से भी बात की है और उन्हें कहा है कि आप लोग पार्टी की बैठक में, पार्टी कार्यक्रम में शराब नीति को लेकर आवाज उठाते रहें, आप अंदर रहकर ये काम करें, आप तो वन विहार के शेर हैं। मैं खुलकर बोलूंगी क्योंकि मैं खुले जंगल का बाघ हूं।

### शराब नीति को बताया खराब

उमाभारती ने कहा कि उन्होंने कहा कि शराबबंदी और नशाबंदी दोनों ही अलग चीजें हैं । नशा एक ऐसी चीज है जिसमें सरकार और समाज एक साथ लड़ेंगे और शराब ऐसी चीज है जिसमें कुछ चीजें सरकार के हाथ में हैं जैसे वितरण प्रणाली। मैं हमेशा मानती हूं कि इस धरती पर एक भी व्यक्ति शराब ना पिए इसलिए आप मेरी पूछोगे तो मैं कहूंगी कि शराब होनी ही नहीं चाहिए, लेकिन सरकार का कहना था कि हम वितरण प्रणाली को नियंत्रित कर सकते हैं इसलिए मैंने उनसे कहा कि कम से कम इसी से शुरुआत करो। उमा भारती ने कहा कि कोई भी धार्मिक स्थान, स्कूल, मजदूरों के स्थान, अस्पताल और न्यायालय इनके पास अहाते तो हो ही नहीं सकते। खुले में आप किसी को बिठाकर शराब पिला ही नहीं सकते, क्योंकि वह पीकर जाएगा तो या तो पैदल जाएगा या वाहन से जाएगा और वाहन चलाकर जाएगा तो ये भी सीधे-सीधे कानून का उल्लंघन है, लेकिन दुर्भाग्य है कि जब यह नीति घोषित हुई उस समय मैं गंगा जी की यात्रा पर थी, यह बहुत खराब नीति है।

### अधिकारियों के बंगले में खुल जाएगी शराब दुकान!

उमा भारती ने कहा कि 500 मीटर की दूरी कोई दूरी होती है मैंने तो उस समय अधिकारियों से कहा कि 50 मीटर की दूरी हो तो तुम्हारे बंगले के अंदर भी शराब की दुकान खोली जा सकती है। क्या तुम को इसकी कोई परवाह नहीं कि मां-बहन-बेटियों का क्या होगा। इसलिए शिवराज जी और हम एकमत हुए और फिर तय हुआ कि जो नई नीति बनने वाली है उसमें इन सारी बातों का ध्यान रख कर के ही नई वितरण प्रणाली होगी। जिसमें इन सारे स्थानों की मर्यादाओं का पूरा ध्यान रखा जाएगा।

## भू-माफिया रमाकांत विजयवर्गीय को मनी लॉड्रिंग केस में पांच-पांच की सजा और एक लाख का जुर्माना

**भोपाल ,यश भारत।** राजधानी भोपाल में भू-माफिया रमाकांत विजयवर्गीय को नमी लॉड्रिंग केस में पांच-पांच साल की सजा और एक लाख रुपए का जुर्माने की सजा सुनवाई है। यह पांच साल की सजा होने वाला प्रवर्तन निदेशालय का मध्य प्रदेश में पहला मामला बताया जा रहा है। भोपाल के एडीजे डॉ. धर्मेंद्र टाडा की कोर्ट ने रमाकांत विजयवर्गीय को सजा सुनाई। प्रवर्तन निदेशालय ने वर्ष 2011 में विजयवर्गीय के खिलाफ मनी लॉड्रिंग का केस दर्ज किया था। बता दे इस मामले में कोहेफिजा पुलिस ने जून 2010 में एमएम परिवार की शिकायत पर डिस्टिंक्ट इंफ्रास्ट्रक्चर प्रावइेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर बिल्डर रमाकांत विजयवर्गीय के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया था। विजयर्गीय ने फर्जी कागज दिखाकर करीब 250 लोगों से 16 करोड़ रुपए ठग लिए थे। इस मामले में बाद में प्रवर्तन निदेशालय ने केस दर्ज किया था। विजयवर्गीय अभी भोपाल जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहा हैं।



## ठंड का बढ़ा प्रकोप, कई शहरों में पारा गिरा लेकिन भोपाल-इंदौर में बढ़ गया तापमान

**भोपाल,यशभारत।** मध्य प्रदेश में ठंड फिर से बढ़ने लगी है, लेकिन फिलहाल शीतलहर वाले हालात नहीं हैं। उमरिया, नौगांव, ग्वालियर पचमढी, रायसेन में रात के पारे में गिरावट आई है। दिसंबर के आखिरी दिनों में पारा और भी नीचे आएगा। कुछ शहरों में हल्की बारिश होने का अनुमान भी है। मौसम विभाग के मुताबिक एक-दो दिन में हल्के बादल आ सकते हैं। 25 दिसंबर तक तापमान में हल्का उतार-चढ़ाव बना रहेगा ।ग्वालियर, महाकौशल, बुंदेलखंड और बघेलखंड में रात में ठंड बढ़ने लगी है। इन जगहों पर पारा सा? 5 से 10 डिग्री के बीच रहा है। उमरिया के अलावा ग्वालियर, पचमढ़ी, रायसेन, जबलपुर, खजुराहो, नौगांव, रीवा, सतना, सीधी, मालंजखंड में भी पारा काफी नीचे पहुंच गया है। इन जगहों पर ठंड का कंपाने लगी है। बुधवार को कई शहरों में तापमान में बढ़ोतरी भी दर्ज की गई। राजधानी भोपाल में तापमान बढ़कर 13 डिग्री के आसपास पहुंच गया। गुना, इंदौर, खरगोन, राजगढ़, रतलाम आदि शहरों में भी पारे में बढ़ोतरी हुई।

## महिला बाल विकास विभाग में शौर्यदल के सदस्यों को नाश्ता कराया

**भोपाल ,ईएमएस।** महिला एवं बाल विकास विभाग में शौर्यदल के सदस्यों को नाश्ता समेत अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के बाद अब उसके भुगतान के लिए दो साल से संस्थाएं चक्कर लगा रही है। अधिकारियों का कहना है कि बजट नहीं है। इसलिए भुगतान को लेकर कोई जानकारी नहीं दे सकते ।महिला एवं बाल विकास विभाग में आंगनवाड़ी के आसपास सामाजिक लोगों को जोड़कर शौर्यदल बनाए गए थे। इस दल में आंगनवाड़ी क्षेत्र की सभी 15 से 45 वर्ष की किशोरी बालिकाएं एवं महिला शौर्यदल की सदस्य बनाई गई। इसमें एक प्रबंधन समिति एवं चार विशेष कार्य समितियां बनाने का प्रावधान है। इन समितियों को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं, स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता, आर्थिक सशक्तिगरण और कुप्रथा एवं महिला हिंसा रोकथाम के लिए अलग-अलग गठित किया गया।

# शिवराज हेल्पलाइन में हर रोज आते हैं 80 हजार फोन

**भोपाल,यशभारत।** मध्य प्रदेश में आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए सीएम हेल्प लाइन सेवा संचालित है। यह ऐसी सेवा है जिसका लाभ फोन कॉल के जरिए सुलभ है। यही कारण है कि राज्य के अलग-अलग हिस्सों से हर रोज 80 हजार से ज्यादा फोन आते हैं। लोक सेवा प्रबंधन के प्रमुख सचिव मनीष रस्तोगी ने बताया कि विभाग द्वारा लोक सेवाओं के प्रदान की गांरटी अधिनियम 2010 में अब तक 48 विभागों की 691 सेवाएं अधिसूचित की गई हैं। सभी जिलों में 430 लोक सेवा केन्द्र से नागरिकों को सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। लोक सेवा केन्द्र की सेवाओं में लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अतिरिक्त समाधान एक दिन की सेवाएं, आधार कार्ड बनाना और सुधार करना, आयुष्मान कार्ड बनाना, राजस्व की सेवाएं आदि शामिल हैं। लोक सेवा प्रबंधन विभाग की विभागीय परामर्शदात्री समिति की बैठक में निर्णय लिया गया कि सीएम हेल्प लाईन से आम नागरिकों को फोन



काल पर सेवाएं देने के साथ उनके द्वारा दर्ज शिकायतों का निराकरण किये जाने की जानकारी अधिक से अधिक आम नागरिकों को देने के लिए विशेष प्रचार-प्रसार किया जाये, जिससे कि अधिक से अधिक नागरिक इस सेवा का लाभ ले सके। सीएम हेल्प लाईन में आपसी झगड़ों के चलते झूठी शिकायतों की भी बात सामने आई है। इस पर तय किया गया है कि सीएम हेल्प लाईन की सुविधा का दुरूपयोग करने वाले व्यक्तियों पर नजर रखी जाये और उन्हें ऐसा करने से रोका जाये। बताया गया कि सीएम हेल्प लाइन पर सातों दिन 24 घंटे एकीकृत नम्बर 181 है, जिन पर रोजाना लगभग 80 हजार फोन कॉल सुने जाते हैं।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

# वल्लभ भवन दलालो.....

सरकार आते ही आदिवासियों का पैसा बंद कर दियासीएम ने कहा, कमलनाथ सरकार ने कई योजनाओं को बंद करने का काम किया। ओमकार (डिंडौरी विधायक) आपके क्षेत्र में बैगा, सहरिया, भारिया तीन अति पिछ?ी जातियों को हमने तय किया था कि पोषण भत्ते के नाम पर एक हजार रुपए महीना दिया जाए। सरकार आते ही... हीरालाल (मनावर विधायक) सुन लेना जनजाति के बड़े पैरोकार हैं आप....। कभी आपने आवाज उठाई ये पैसा क्यों बंद कर दिया?

जीतू पटवारी ने कहा- आदिवासियों की योजना बंद करने को लेकर सीएम ने जो बात कही, उसका आदेश हो तो सदन के पटल पर रखें।

सीएम ने कहा- जब तक इनकी सरकार थी, तब तक बैगा, भारिया, सहरिया बहनों के खातों में पैसा नहीं पहुंचा। कल ओमकार सिंह मरकाम ने सोहंती बाई का मामला उठाया था। मैं यहीं से मनीष रस्तोगी को निर्देश दे रहा हूं कि सोहंती बाई को ढूंढें और उसे भर्ती कराकर इलाज कराएं।

### मुझे उम्मीद थी कांग्रेस सरकार ढंग से काम करेगी...

सीएम ने कहा- कमलनाथ जी को फोन करके कहा कि सीटें आपकी ज्यादा हैं, आपको बधाई। हम सरकार बना सकते थे, लेकिन हमने ये तय किया कि प्रतिपक्ष जो विपक्ष में रहे हैं, उन्हें सत्ता में आने का मौका मिलना चाहिए। इसके बाद मैंने उन्हें बधाई दी। मुझे उम्मीद थी कि कांग्रेस 15 साल बाद सत्ता में आई है, ढंग से काम करेगी। वचन निभाएगी।

### टेंडर शर्तें बदल दी गईं

सीएम ने कहा, टेंडर की शर्तों में बांध की नींव बनने तक भुगतान का प्रावधान था। छिंदवाड़ा कॉम्प्लेक्स में पाइपलाइन वितरण प्रणाली में लगने वाली सामग्री के 2 हजार करोड़ एडवांस दे दिए गए। सामग्री मिली नहीं। पाइपलाइन प्रणाली में कौन से पाइप लगेंगे, ये पहले तय था। उनकी शर्तों में 25-4- 2019 को शर्तों को बदल दिया गया। संदिग्ध गुणवत्ता की जीआरपी पाइपलाइन लगाने का प्रावधान किया गया। गरीबों के कल्याण के लिए शुरू की गई संबल योजना से लाखों गरीबों के नाम कांग्रेस की सरकार ने काट दिए। हमने बच्चों को लैपटॉप देने की योजना शुरू की थी, कांग्रेस सरकार ने लैपटॉप बांटना भी बंद कर दिया था।


# शिक्षक भर्ती कैंडिडेट भेज रहे 10-10 लाख के ऑफर...

## कमिश्नर बोले- रोज हजारों मैसेज आ रहे; DPI की चेतावनी- भर्ती से बाहर कर देंगे

**भोपाल, ईएमएस।** च्प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती की प्रक्रिया चल रही है। इस नियुक्ति के लिए हमारे अधिकारियों के पास रोजाना हजारों कॉल और मैसज आ रहे हैं, जिसमें उन्हें दस-दस लाख रुपए तक के ऑफर दिए जा रहे हैं। इतना नहीं महिला अभ्यर्थी तो ऐसे-ऐसे मैसेज भेज रही हैं, कि लोकलाज के कारण मैं इस बारे में बता भी नहीं सकता। इन कॉल और मैसेज से स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी बहुत परेशान है। यह कहना है लोक शिक्षण आयुक्त अभय वर्मा का। उन्होंने बताया कि ऐसे ही कॉल और मैसेजेस को देखते हुए उन्होंने शिक्षक भर्ती के उम्मीदवारों को भर्ती प्रक्रिया से बाहर करने की चेतावनी देते हुए रिलीज (विज्ञप्ति) जारी की है। इस विज्ञप्ति में कहा है कि चयन प्रक्रिया को लेकर वॉट्सऐप, एसएमएस और कॉल करने और इस तरह से अनावश्यक दबाव बनाने वाले अभ्यर्थियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई करते हुए उनकी अभ्यर्थिता निरस्त की जा सकती है।

### फतवा जारी कर हमें डराया जा रहा - अभ्यर्थी

उम्मीदवारों का कहना है कि शिक्षक भर्ती प्रक्रिया बहुत लेट चल रही है, वे इसे समय पर कराने की मांग कर रहे हैं, इसलिए उन्हें डराने के लिए यह रिलीज जारी की गई है। समय पर भर्ती नहीं कराने वालों की जिम्मेदारी तय करने की बजाय इस तरह का फतवा जारी कर हमें डराया जा रहा है। उम्मीदवारों का आरोप है कि समय पर भर्ती कराने की जिम्मेदारी तय करने की बात कोई नहीं करता, पद भी कम हैं अभय वर्मा ने कहा, मुझे एक साल ही हुआ है। देरी क्यों हो रही है यह सरकार से पूछें। एक दिन में एक-एक लाख वॉट्सऐप मैसेज भेजने का कैंपेन चलाया गया है। हजारों



एसएमएस आए। लगातार कॉल करते हैं। हमारी मंशा किसी का नुकसान करना नहीं है। 15 हजार नियुक्ति कर चुके हैं। किसी पर भी सवाल नहीं उठे ।2018 से उच्च माध्यमिक व माध्यमिक शिक्षक भर्ती प्रक्रिया इस तरह चल रही शिक्षकों भर्ती के लिए सितंबर 2018 में उच्च माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा और माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा के नोटिफिकेशन आए। परीक्षाएं 2019 में फरवरी-मार्च में हुईं। अगस्त-अक्टूबर में रिजल्ट आए थे ।फरवरी 2020 में काउंसलिंग शुरू हुई। जुलाई में सत्यापन प्रक्रिया शुरू हुई, लेकिन कोविड के कारण रोक दी। अप्रैल 2021 में सत्यापन दोबारा शुरू हुआ। अक्टूबर 2021 में नियुक्ति मिली। 2011 के बाद शिक्षकों की नियुक्ति हुई ।उच्च माध्यमिक शिक्षक के स्कूल शिक्षा के 15 हजार और जनजातीय कार्य विभाग के 2220 पदों पर भर्ती निकाली थी। वहीं माध्यमिक शिक्षक के स्कूल शिक्षा विभाग के 5670 और जनजातीय कार्य विभाग के 5704 पदों पर भर्ती निकाली थी ।प्राथमिक शिक्षक भर्ती के लिए पात्रता परीक्षा का नोटिफिकेशन जनवरी 2020 में हुआ था। दिसंबर 2021 में फिर से फॉर्म भरे गए। परीक्षा मार्च 2022 में हुई। रिजल्ट अप्रैल में घोषित हुआ था। काउंसिलिंग नवंबर 2022 से शुरू हुई थी। दस्तावेज सत्यापन 8 दिसंबर से शुरू होना था, लेकिन स्थगित कर दिया गया था। स्कूल शिक्षा विभाग और जनजातीय कार्य विभाग के स्कूलों में 18527 पदों पर भर्ती होनी है, लेकिन प्रक्रिया रुक-रुक कर चल रही है ।स्कूल शिक्षा विभाग प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक शिक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया कर रहा है। आयुक्त वर्मा ने कहा कि यह प्रक्रिया किसी भी सूरत में चालू वित्त वर्ष में पूरी कर दी जाएगी।

रोजाना हजारों मैसेज और कॉल आने से काम प्रभावित होते हैं। कोई रुपयों का ऑफर करता है और कोई कुछ औरज्। माना बेरोजगारी है पर इसका मतलब यह नहीं कि प्रक्रिया को बाधित किया जाए।

# 104 आवेदनों पर कलेक्टर ने की सुनवाई

## निराकरण के लिए अधिकारियों को दिये निर्देश



**कटनी, यशभारत।** कलेक्टर कार्यालय कटनी के जनसुनवाई हाल में मंगलवार 20 दिसंबर को कलेक्टर अवि प्रसाद ने नागरिकों की समस्याएं ध्यानपूर्वक सुनी। उन्होंने जनसुनवाई में पहुंचे लोगों के आवेदन लिये और समय-सीमा में निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने कई आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया। आज की जनसुनवाई में कुल 104 आवेदन आये। इस दौरान ए.डी.एम रामानुस टोप्पो, संयुक्त कलेक्टर साधना परस्ते ने भी जनसुनवाई में पहुंचे लोगों के आवेदन लिये और उनकी समस्यायें सुनी। जनसुनवाई के दौरान ग्राम पंचायत सरसवाही के दिव्यांग शंभू प्रसाद चौधरी द्वारा बैसाखी प्रदाय करने हेतु प्रस्तुत आवेदन पर विभाग के अधिकारियों को बैसाखी की व्यवस्था कराने हेतु निर्देशित किया जाकर ट्रायसाईकिल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ग्राम परसवारा तहसील विजयराघवगढ़ निवासी उषा साहू के पति की मृत्यु कोविड से होनें पर सहायता राशि प्रदान किये जाने संबंधी आवेदन पर कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा प्रकरण की जांच कराकर आवेदन का निराकरण कराने व नियमानुसार सहायता राशि प्रदान करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिए। ग्राम पंचायत हीरापुर कौडिया से पहुचे बाला प्रसाद द्वारा प्रधान मंत्री आवास योजना की शेष किश्त की राशि प्रदाय करने के आवेदन पर कलेक्टर श्री प्रसाद ने जिला पंचायत के अधिकारियों को आवेदन की जांच कर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। अल्फर्ट गंज निवासी मोहम्मद अहमद द्वारा आई.एच.एस.डी.पी बैठक के दौरान पी.ओ डूडा अभय मिश्रा, नगर निगम उपायुक्त पवन कुमार अहिरवार, सहित अन्य जिला अधिकारियों की उपस्थिति रही।

# अमानक धान खरीदी पर दो स्व-सहायता समूहों के अधिकारियों को नोटिस जारी



**कटनी, यशभारत।** समर्थन मूल्य पर बेगम स्व-सहयता समूह और बडे स्व-सहायता समूह द्वारा धान खरीदने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है और तीन दिन के भीतर नॉन एफए.क्यू उपज को अपग्रेड कराकर जवाब देना कहा गया है। जिला उपार्जन समिति के सदस्यों द्वारा स्व- सहायता समूह द्वारा खरीदी गई धान का परीक्षण करने पर धान अमानक पाई गई। उल्लेखनीय है कि बेगम स्व-सहायता समूह द्वारा उपार्जन केन्द्र करेला क्रमांक एक एवं बडे स्व-सहायता समूह द्वारा उपार्जन केन्द्र हदरहटा क्रमांक एक मे कृषकों से धान खरीदी का कार्य किया जा रहा है लेकिन जिला उपार्जन समिति द्वारा निरीक्षण के दौरान दौनो खरीदी केन्द्रों मे अमानक धान पाये जाने पर महिला स्व-सहायता समूह के अध्यक्ष प्रीतू सिंह और पुष्पा जायसवाल को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है कि तीन दिवस मे नॉन एफए.क्यू. उपज को अपग्रेड कराते हुए जवाब प्रस्तुत करे। बेगम स्वसहायता समूह द्वारा अब तक 342 कृषकों से 28 हजार 644 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। जिनमे से 320 क्विंटल धान अमानक (नॉन एफए.क्यू) होने से भंडारण स्थल पर सर्वेयर द्वारा रिजेक्ट की गई है। धान रिजेक्ट होने की वजह से किसानों का भुगतान लंबित है। इसी प्रकार बडे स्व-सहायता समूह अब तक 266 कृषकों से 25 हजार 463 क्विंटल धान की खरीदी की गई जिसमे से 310 क्विंटल धान अमानक (नॉन एफए.क्यू) होने से भण्डारण स्थल पर सर्वेयर द्वारा रिजेक्ट की गई है इस वजह से कृषकों का भुगतान लंबित है। इस विसंगति के लिए अपर कलेक्टर रामानुस टोप्पो ने कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा है कि क्यो न समूह को आवंटित उपार्जन केन्द्र निरस्त कर दिया जाये। समूह को प्राप्त होने वाले प्रासंगिक व्यय एवं कमीशन पर तत्काल रोक लगाई जाये। साथ ही स्व-सहायता समूह को महिला के लिए खरीदी कार्य के लिए ब्लैक लिस्ट किया जाए। इस संबंध मे 23 दिसंबर तक जवाब प्रस्तुत करने को कहा गया है।

## शासकीय कार्यालयों में 5 दिन का कार्य दिवस जारी रहेगा

**कटनी, यशभारत।** प्रदेश के शासकीय कार्यालयों के कार्य-दिवस सप्ताह में 5 दिवस सोमवार से शुक्रवार निर्धारित करने संबंधी व्यवस्था को आगामी आदेश तक प्रभावशील रखा गया है। सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश 10 जून 2022 से राज्य शासन द्वारा कोविड-19 महामारी की रोकथाम एवं बचाव के लिये 5 कार्य-दिवस का सप्ताह निर्धारित किया गया था। यह आदेश 31 दिसम्बर 2022 तक प्रभावशील था। इस आदेश को आगामी आदेश तक यथावत प्रभावशील रखा गया है।

# तिलक कालेज में नैनों तकनीक एवं अनुप्रयोग विषय पर व्याख्यान



**कटनी, यशभारत।** शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में विश्व बैंक परियोजना के अंतर्गत भौतिक शास्त्र विभाग द्वारा नैनो तकनीकी एवं उसके अनुप्रयोग विषय पर अकादमी व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एस के खरे ने की। मुख्य वक्ता के रूप में डॉक्टर सागर सेन सहायक प्राध्यापक भौतिक शास्त्र शासकीय महाराजा भोज स्नातकोत्तर महाविद्यालय धार, मध्य प्रदेश ने क्वांटम कन्फाइनमेंट इफेक्ट की सहायता से पदार्थों में होने वाले विभिन्न परिवर्तनों को बहुत ही सरल भाषा में समझा तथा उनके द्वारा नैनो पदार्थो को कैसे बनाया जाए तथा उनकी जांच कैसे की जाए इसको भी स्पष्ट किया। साथ ही दैनिक जीवन में नैनो पदार्थों के उपयोग जैसे सोलर सेल, नैनो पेंट्स, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में, रक्षा क्षेत्रों में प्रयुक्त होने वाली नैनोटेक्नोलॉजी को रेखांकित किया रेखांकित किया। प्राचार्य डॉ एसके खरे ने नैनो तकनीकी से बने ऑटोमोबाइल के उपयोग से होने वाले लाभ को स्वयं के अनुभवों साझा किया। आइक्यूएसी संयोजक डॉक्टर चित्रा प्रभात ने सिक्योरिटी सर्विसेज में होने वाले नैनो उपकरणों के बारे में सबका ध्यान आकर्षित किया। भौतिक शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉक्टर एमपी यादव विषय प्रवर्तक के रूप में कहा कि नैनो पदार्थ बल्क मैटेरियल से अलग होते हैं तथा किस नैनो टेक्नोलॉजी की मदद से किसी भी पदार्थ को ज्यादा क्रियाशील एवं मजबूत बनाया जा सकता है, के बारे में विस्तृत जानकारी दिए। नैनो पदार्थ के महत्व को भी रेखांकित किए। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर आर पी सिंह एवं आभार प्रदर्शन डॉक्टर संतोष कुमार सिंह द्वारा किया गया। इस ऑनलाइन व्याख्यानमाला में उर्मिला दुबे, विनोद कुमार लोधी, विपिन सोनी तथा लगभग 55 विद्यार्थियों ने सहभागिता किए।

# जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र में स्टार्टअप हेल्प डेस्क का गठन



**कटनी, यशभारत।** कटनी जिले में नव उद्यमियों, शिक्षित बेरोजगारी एवं अन्य किसी भी प्रकार की स्टार्टअप या उद्योग स्थापनार्थ गतिविधियों के मार्गदर्शन के लिए कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र कटनी में स्टार्टअप हेल्प डेस्क (सेल) का गठन किया गया है। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग अजय श्रीवास्तव ने बताया कि हेल्प डेस्क (सेल) हेतु शकील अहमद चौधरी, जिला समन्वयक उद्यमिता विकास केन्द्र, कटनी मोबाईल नंबर 9425879196 को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। हेल्प डेस्क (सेल) प्रभारी कार्यालय में आने वाले स्टार्टअप, नव उद्यमियों एवं स्वरोजगारियों के द्वारा मांगी जाने वाली जानकारी प्रदान करने के लिए उत्तरदायी होगे। आवश्यकता पड़ने पर इनके सहयोग हेतु कार्यालय के अधिकारी / कर्मचारी का समन्वय करेगे। अर्तविभागीय किसी भी प्रकार की योजना एवं जानकारी के मांगे जाने पर संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित कर वांछित जानकारी आवेदक को प्रदान करने संबंधी कार्यवाही हेतु हेल्प डेस्क (सेल) को निर्देशित किया गया है।

# धूमधाम से मना प्रभु यीशु मसीह का जन्मोत्सव





**कटनी, यशभारत।** बार्डस्ले कन्या उ.मा.शाला, कटनी में छात्राओं एवं शिक्षक/शिक्षिकाओं के द्वारा प्रभु यीशुमसीह का जन्मोत्सव अत्यंत धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर छात्राओं के द्वारा नाटक की प्रस्तुति की गई। जिसमें शाला की शिक्षिकाओ के द्वारा मार्गदर्शन दिया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतुल अब्राहम प्राचार्य बार्डस्ले अंग्रेजी माध्यम सीनियर सेकेंडरी स्कूल कटनी रहे। एवं विशिष्ट अतिथि कुमारी एन जेकब प्राचार्य बार्डस्ले कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटनी।



# पात्र ट्रांसफार्मरों को बदलने का दोहरा शतक पूरा

**कटनी, यशभारत।** विगत दिवस माह नवंबर के आखिरी सप्ताह में कलेक्टर कटनी द्वारा जनप्रतिनिधियों एवं म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें जिले के पात्र ट्रांसफार्मरों को वरीयता क्रम से बदलने हेतु निर्देशित किया गया था। तदानुसार आज दिनांक 20 दिसंबर को 11 ट्रांसफार्मर बदले गये हैं। ग्राम बरोंदा 100 केवीए, छुरिया 63 केवीए, कुंसरी 25 केवीए, छहर 25 केवीए, अंतर्वेद 25 केवीए, मडेरा 25 केवीए, मटहरा 25 केवीए, सनकुई 25 केवीए, कुंसरी 25 केवीए, नैगई 25 केवीए, बिरुहली 25 केवीए एवं दिनांक 26 नवंबर से 20 दिसंबर तक विगत 25 दिनों में कुल 203 पात्र ट्रांसफार्मर बदले जा चुके हैं एवं ट्रांसफार्मरों की उपलब्धतानुसार शेष सभी पात्र ट्रांसफार्मरों को भी समयावधि में बदलने की कार्यवाही की जा रही है, एवं आगे भी यह प्रक्रिया सतत जारी रहेगी।

# 1875 किलोग्राम महुआ लाहन एवं 20 लीटर अवैध मदिरा जप्त



**कटनी, यशभारत।** जिले में अवैध मदिरा के संग्रहण, परिवहन, विक्रय, निर्माण और रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत कलेक्टर अवि प्रसाद के आदेशानुसार जिला आबकारी अधिकारी आर.के. बघेल के निर्देशन में आबकारी वृत्त बहोरीबंद के ग्राम करहिया, कैमोरीहार, ढुढरी, रैपुरा, में परमानंद कोरचे सहायक जिला आबाकरी अधिकारी के नेतृत्व में मदिरा का अवैध रुप से निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय कर रहे लोगों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत 20 दिसम्बर को आबकारी की टीम द्वारा की गई कार्यवाही में 1875 किलोग्राम महुआ लाहन जप्ती एवं 20 लीटर अवैध हाथ भट्टी मदिरा के कुल 6 न्यायालयीन प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क एवं च के पंजीबद्ध किये गये। मौके पर महुआ लाहन का सैंपल लिया जाकर नष्ट किया गया। जप्त किये गये लाहन तथा मदिरा की अनुमानित राशि लगभग 96 हजार 750 रूपये है। उपरोक्त कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक केशव प्रसाद उईके, महेन्द्र कुमार शुक्ला, एस.डी. सिह, कृष्ण कुमार पटेल, आबकारी आरक्षक धरमू काछी, कैलास नाथ नामदेव, शिवमूरत नामदेव, राम सिंह सम्मिलित रहे। इस प्रकार की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।


## ज़िले के अमृत पुष्पक की उड़ान दिल्ली तक

# कटनी के नवाचार को देश की राजधानी में मिली सराहना



**कटनी, यशभारत।** केन्द्रीय कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने सोमवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में सुशासन सप्ताह 2022 का उद्घाटन किया एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाने के लिए पांच दिन के प्रशासन गांव की ओर राष्ट्रव्यापी अभियान की भी शुरूआत की। इस अवसर पर प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग, भारत सरकार नें संपूर्ण देश में किए गये उत्कृष्ट नवाचारों एवं प्रशासन के सार्थक प्रयासों की झलकियाँ प्रदर्शित करते हुए ज़िला प्रशासन एवं ई-गवर्नेंस सोसाइटी कटनी के नवाचार ÷अमृत पुष्पक÷ को राष्ट्रीय स्तर सराहा गया। हाल ही में कटनी जिले के प्रवास पर आए मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिहं चौहान ने स्वयं सिद्वा स्वावलंबी ट्रेड फेयर के कार्यक्रम में शामिल होने बाद कटनी जिले के ड्रोन के नवाचार को देखने प्रदर्शन स्टॉल में पहुंचकर थे। और जिला प्रशासन की इस कृषि के यंत्र में इस नवाचार की सराहना की थी। विदित हो कि ज़िले में कृषि के क्षेत्र में उन्नत ड्रोन तकनीक को बढ़ावा देने एवं कृषकों को इस तकनीक के प्रयोग के अपेक्षित लाभ से जागरूक करने हेतु ज़िला ई-गवर्नेंस सोसाइटी द्वारा अमृत पुष्पक प्रोजेक्ट के तहत स्लीमनाबाद तहसील के ग्राम तेवरी में स्वीटकॉर्न की फ़सल पर ड्रोन तकनीक के माध्यम से नैनों यूरिया का छिड़काव कर कटनी ज़िला संपूर्ण देश में अग्रणी बना। इस प्रोजेक्ट ने देश में कृषि के क्षेत्र में ड्रोन क्रांति लाने एवं कृषि को तकनीक से जोड़ने हेतु एक सेतु की भाँति कार्य किया जिसके परिणामस्वरूप कृषक बंधुओं को उन्नत खेती करने एवं ड्रोन तकनीक को रोज़गार के रूप में प्रयोग में लाने की प्रेरणा मिली एवं इस सफलता को देखते हुए मध्यप्रदेश के साथ अन्य प्रदेश के जिले भी अब फसल पर छिड़काव के लिए ड्रोन तकनीक को प्रोत्साहित कर रहे हैं। कलेक्टर अवि प्रसाद ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर अमृत पुष्पक नवाचार की सराहना संपूर्ण ज़िले के लिए गर्व का विषय है। ज़िला प्रशासन कटनी एवं ई-गवर्नेंस विभाग ज़िले में ड्रोन तकनीक के प्रचार-प्रसार हेतु निरंतर प्रयासरत है एवं इस संबंध में युवाओं को स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षण उपलब्ध कराने की दिशा में भी प्रयास किये जा रहे हैं। विदित हो कि हाल ही में ज़िले के भ्रमण के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा भी ज़िला प्रशासन के ड्रोन नवाचार की सराहना की गई थी। जिला प्रबंधक ई-गवर्नेन्स सौरभ नामदेव ने बताया कि ड्रोन नई उभरती तकनीक है। जिसका उपयोग विभिन्न क्षेत्रों में प्रारम्भ हो चुका है एवं इससें निकट भविष्य में इस क्षेत्र में अनेकों रोज़गार की संभावनायें हैं। आम जन के प्रति इस उन्नत तकनीक को लेकर जागरूकता बढ़े इसी मंशा से ज़िले में अमृत पुष्पक का नवाचार किया गया एवं इस क्षेत्र में युवा अपना कैरियर बना सकें इस हेतु जनजागरूकता व प्रशिक्षण मुहैया कराये जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। विगत दिवस कटनी में आयोजित राज्यस्तरीय ट्रेड फ़ेयर में भी विभाग द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन कर नागरिकों, उद्यमी बंधुओं एवं युवाओं को ड्रोन तकनीक की जानकारी प्रदान की गई थी। उल्लेखनीय है कि ÷अमृत पुष्पक÷ प्रोजेक्ट के तहत फ़सलों पर छिड़काव के लिए हेक्साकोप्टर ड्रोन का उपयोग किया गया। यह एक एकड़ की फसल के रकबे में महज 10 मिनट में रसायन के स्प्रे का कार्य पूरा कर सकता है। ड्रोन नैनों पार्टिकल्स का छिड़काव करता है जो परम्परागत छिड़काव पद्धति से कई गुना अधिक है एवं इससे तरल उर्वरक की खपत भी कम होती है साथ ही पौधे की पत्तियों द्वारा पूर्ण अवशोषण भी होता है।

# जनसुनवाई में ग्रामीणों से किया संवाद, सुनी समस्याएं



**कटनी, यशभारत।** संवेदनशील एवं जनोन्मुखी प्रशासन मुहैया कराने के लिए सुशासन सप्ताह के तहत प्रशासन गांव की ओर की मंशा के साथ मंगलवार को विजयराघवगढ तहसील के ग्राम कारीतलाई में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर अवि प्रसाद ने ग्रामीणों से संवाद कर लोगों की समस्यांए सुनीं और निराकरण के निर्देश दिए। गांव में घूमकर स्थल निरीक्षण किया और आवश्यक हिदायत दी। जनसुनवाई मे जिला पंचायत के सी.ई.ओ शिशिर गेमावत, एस.डी.एम महेश मंडलोई, लोक सेवा के जिला प्रबंधक दिनेश विश्वकर्मा, ई -गवर्नेस के जिला प्रबंधक सौरभ नामदेव, आर.ई.एस. के कार्यपालन यंत्री श्री खटीक, उपसंचालक पशु चिकत्सा डॉ एस.एस.बग्गा, कार्यपालन यंत्री पी.एच.ई एस.एल.कोरी सहित सभी जिला अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर श्री प्रसाद ने जनसुनवाई में ग्रामीणों से खुला संवाद किया। एक-एक समस्या सुनी और निराकरण योग्य मामलों का त्वरित निपटारा किया। जनसुनवाई के दौरान राशन वितरण में अनियमितता की शिकायत पर सेल्समैन ब्रजकिशोर बरगाही को हटानें, कारीतलाई से गुरैहा मार्ग निर्माण की मांग पर संबंधित उपयंत्री को मौका मुआयना कर मार्ग का स्टीमेट बनवाने, पट्टे की भूमि पर अवैध कब्जा की शिकायत पर स्थल निरीक्षण कर कब्जा हटवानें की कार्यवाही करानें एवं कब्जा न हटानें पर एफआई.आर करने हेतु निर्देशित किया गया।

# 35 लाख की लागत से निर्माणाधीन सड़क का महापौर ने किया आकस्मिक निरीक्षण



**कटनी, यशभारत।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड स्थित राणा होटल से बजरिया तक 35 लाख की लागत से निर्माणाधीन डामरीकरण कार्य का जनता महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी ने निगमाध्यक्ष मनीष पाठक, पार्षदगण संतोष शुक्ला, डॉ. रमेश सोनी, शिब्बू साहू, शशिकांत तिवारी, श्रीमति सीमा श्रीवास्तव, शकुन्तला सोनी, चोखे भाई के साथ मिलकर औचक निरीक्षण किया। इस मौके पर महापौर ने ठेकेदार से स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से खिलवाड़ नहीं होना चाहिये। निगम अधिकारियों द्वारा किसी भी समय निर्माण कार्य की जांच की जा सकती है। जनहित के कार्य पूरी तरह पार्दर्शिता के साथ किये जाये।

## IPL मिनी ऑक्शन के टॉप-5 प्लेयर्स

# स्टोक्स-करन-ग्रीन हो सकते हैं सबसे महंगे, भारतीयों में मयंक सबसे बड़ा नाम

**मुंबई, ईएमएस।** दुनिया की सबसे बड़ी टी-20 लीग इंडियन प्रीमियर लीग के लिए मिनी ऑक्शन कल होगा। कोच्चि में दोपहर 2.30 बजे से शुरू होने वाले ऑक्शन में 405 खिलाड़ी नीलाम होंगे। इनमें 123 इंटरनेशनल प्लेयर्स भी शामिल हैं। इनमें से कुछ पर इस बार के ऑक्शन की सबसे बड़ी बोली लगेगी। ऑक्शन में जो रूट, केन विलियमसन, शाकिब अल हसन, राइली रुसो, मयंक अग्रवाल, कैमरून ग्रीन, निकोलस पूरन, जोशुआ लिटल, सैम करन और बेन स्टोक्स जैसे बड़े नाम हैं। इस खबर में हम ऐसे 5 बड़े प्लेयर्स के बारे में जानेंगे, जिन पर फ्रेंचाइजी पैसों की बौछार कर सकती है। साथ ही जानेंगे कि ये प्लेयर्स सबसे महंगे क्यों हो सकते हैं और उन पर कौन सी टीमें बोली लगा सकती हैं।




### मयंक अग्रवाल 7 विस्फोटक ओपनर

IPL 2022 में पंजाब किंग्स के कप्तान रहे मयंक अग्रवाल को टीम ने 12 करोड़ रुपए में रिटेन किया था। कप्तानी के दबाव में मयंक पिछले सीजन में 122.50 के स्ट्राइक रेट से 196 रन ही बना सके थे। लेकिन, ओवरऑल ढ्क्क के 123 मैचों में उन्होंने 134.28 के स्ट्राइक रेट से 2385 रन बनाए। 2020 से ढ्क्क में उनका स्ट्राइक रेट पृथ्वी शॉ और जोस बटलर के बाद तीसरे नंबर पर है। ऑक्शन के सेट-1 में ही मयंक का नाम है। इस वक्त सनराइजर्स हैदराबाद, चेन्नई सुपरकिंग्स, गुजरात टाइटंस और कोलकाता नाइटराइडर्स में स्पेशलिस्ट ओपनर की जरूरत है। ये सभी टीमें मयंक पर दांव लगाते नजर आएंगी।

### 1. बेन स्टोक्स 7 2 बार ढ्क्क में सबसे महंगे बिक चुके हैं

ढ्क्क ऑक्शन में सबसे ज्यादा डिमांड इस बार ऑलराउंडर्स की रहेगी। इनमें ही बेन स्टोक्स का नाम भी शामिल है। 2 करोड़ की बेस प्राइज में अवेलेबल स्टोक्स 2017 और 2018 के ढ्क्क ऑक्शन में सबसे महंगे बिके थे। 2017 में उन्हें 14.5 करोड़ और 2018 में 12.5 करोड़ रुपए मिले। ऑक्शन के सेट-2 में बेन स्टोक्स का नाम है। उनके लिए सनराइजर्स हैदराबाद, पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपरजायंट्स की टीमें बोली लगा सकती हैं। चेन्नई, मुंबई, दिल्ली और गुजरात भी उन पर बोली लगाएंगी। लेकिन, पर्स की राशि को देखते हुए शुरुआती 3 टीमों में से ही कोई बाजी मारेगी।

### सैम करन 7 इंग्लैंड को टी-20 वर्ल्ड कप जिताया

ऑलराउंडर सैम करन का नाम मिनी ऑक्शन के टॉप प्लेयर्स में शामिल हैं। 2 महीने पहले खत्म हुए टी-20 वर्ल्ड कप में वह प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे थे। इंग्लैंड को वर्ल्ड कप जिताने में उन्होंने अहम भूमिका निभाई थी। इंग्लिश ऑलराउंडर सैम करन ने पिछला ढ्क्क नहीं खेला था। 2021 में वह चेन्नई सुपरकिंग्स के साथ थे। टीम ने उन्हें 5.50 करोड़ रुपए में खरीदा था। 24 साल के करन ने 2019 में पंजाब किंग्स से ढ्क्क सफर की शुरुआत की। तब से लेकर अब तक वह 32 ढ्क्क मैचों में 32 विकेट ले चुके हैं। इस दौरान उन्होंने 149.78 के स्ट्राइक रेट से 337 रन भी बनाए। ऑक्शन के सेट-2 में सैम करन का नाम है। 2 करोड़ की बेस प्राइज वाले इस प्लेयर के लिए सनराइजर्स हैदराबाद, चेन्नई सुपरकिंग्स, मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपरजायंट्स की टीमें बोली लगा सकती हैं।

### कैमरून ग्रीन 7 भारत में 214 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए

ऑस्ट्रेलिया के युवा ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन पहली बार ढ्क्क ऑक्शन में उतरेंगे। ऑक्शन के सेट-2 में कैमरून ग्रीन का नाम है। उनका बेस प्राइज 2 करोड़ रुपए है। पंजाब किंग्स, गुजरात टाइटंस, दिल्ली कैपिटल्स, मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद की टीम उनके पीछे जा सकती हैं।

### निकोलस पूरन 7 विंडीज के कीपर का स्ट्राइक रेट 150 पार

वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान निकोलस पूरन को सनराइजर्स हैदराबाद ने रिलीज कर दिया है। स्त्रा ने उन्हें पिछले मेगा ऑक्शन में 10.75 करोड़ रुपए की मोटी रकम देकर खरीदा था। तब उन्होंने 144.34 के स्ट्राइक रेट से 306 रन बनाए। वह पंजाब किंग्स के लिए भी खेल चुके हैं। इस ऑक्शन से भी उन्हें अच्छा-खासा पैसा मिलने की उम्मीद है। पूरन ऑक्शन के सेट-3 में आएंगे। सनराइजर्स इस बार उन्हें कम पैसे देकर खरीदना चाहेगी। वहीं, पंजाब किंग्स, मुंबई इंडियंस, चेन्नई सुपर किंग्स, गुजरात टाइटंस और कोलकाता नाइटराइडर्स भी उन पर बोली लगाते नजर आएंगी।

# पंड्या को मिल सकती है टीम इंडिया की कप्तानी: वनडे, टी-20 में रोहित की जगह ले सकते हैं

**मुंबई, ईएमएस।** नई नवेली टीम गुजरात टाइटंस को IPL-2022 में चैंपियन बनाने वाले हार्दिक पंड्या को वनडे और टी-20 में टीम इंडिया का स्थायी कप्तान बनाया जा सकता है। वे रोहित शर्मा की जगह लेंगे। BCCI उन्हें इन दोनों टीमों की कमान सौंपने पर विचार कर रही है। इतना ही नहीं, बोर्ड ने पंड्या से इस संबंध में बातचीत भी की है, लेकिन अभी पंड्या ने इस पर कोई जवाब नहीं दिया है। पिछले साल विराट कोहली ने टी-20 वर्ल्ड कप के बाद कप्तानी छोड़ दी थी और बाद में उन्हें वनडे की कप्तानी से हटा दिया गया था। उनकी जगह रोहित शर्मा को वनडे और टी-20 की जिम्मेदारी सौंपी गई थी और टेस्ट की कप्तानी विराट के पास ही थी। हालांकि, बाद में विराट ने टेस्ट की कप्तानी को भी निजी कारणों का हवाला देकर छोड़ दिया था। जिसके बाद से रोहित तीनों फॉर्मेट के कप्तान हो गए थे। इस साल ऑस्ट्रेलिया में संपन्न हुई वर्ल्ड कप में भारत को सेमीफाइनल में इंग्लैंड से हार मिली थी। इससे पहले एशिया कप में भी टीम इंडिया टॉप-2 में भी जगह नहीं बना पाई थी। वर्ल्ड कप के बाद रोहित शर्मा को कप्तानी से हटाने की बात की जा रही है। BCCI ने पहले ही सिलेक्शन कमेटी को भंग कर दिया था। ऐसे में माना जा रहा था कि रोहित को भी कप्तानी से हटाया जा सकता है। एनआई ने सूत्रों के हवाले से कहा है कि हार्दिक पंड्या को वनडे और टी-20 का कप्तान बनाया जा सकता है। इसको लेकर हार्दिक की भी अधिकारियों से बातचीत हुई है। वहीं हार्दिक ने इस पर विचार के लिए अधिकारियों से समय मांगा है। जल्द ही कप्तान बदलने को लेकर फैसला ले लिया जाएगा। पंड्या ने इस साल IPL में पहली बार उतरी गुजरात टाइटंस को अपनी कप्तानी में खिताब दिलाया। उन्होंने 15 मैचों में 44.27 की औसत से 487 रन बनाए। यही नहीं उन्होंने अपनी पारी में 4 अर्धशतक भी लगाए।

# बस की छत से गिरते गिरते बचे मेसी



### फैंस बस पर टूट पड़े तो अर्जेंटीना के कप्तान को हेलिकॉप्टर से निकालना पड़ा

**अर्जेंटीना ,एजेंसी।** फुटबॉल वर्ल्ड कप विजेता अर्जेंटीना की टीम का देश में मंगलवार को लाखों फैंस ने स्वागत किया। जश्न राजधानी ब्यूनस आयर्स में मनाया गया। पूरी टीम खुली छत वाली बस पर बैठकर इस जश्न में शामिल हुई। इस दौरान बड़ा हादसा होते-होते बचा। छत पर बैठे कप्तान मेसी समेत 5 प्लेयर्स गिरते-गिरते बचे। जश्न के दौरान जब फैंस की भीड़ बस की ओर उमड़ी तो मेसी को हेलिकॉप्टर से निकालना पड़ा। अर्जेंटीना की सरकारी एजेंसी टेलम के मुताबिक, ब्यूनस आयर्स के स्मारक स्थल पर 40 लाख लोग मौजूद थे।

**वर्ल्ड कप ट्रॉफी सीने से चिपकाकर सोए मेसी, फोटोज वायरल-** मेसी की तस्वीर वायरल हो रही है, जिसमें वह वर्ल्ड कप ट्रॉफी को सीने से चिपकाकर सो रहे हैं। ये फोटो उन्होंने खुद पोस्ट कीं। जीत के बाद उनकी ट्रॉफी को चूमने और टेबल डांस की फोटोज वायरल हुई थीं। अर्जेंटीना ने 18 दिसंबर को फीफा वर्ल्ड के फाइनल में फ्रांस को पेनल्टी शूटआउट में हराकर खिताब पर कब्जा किया था।

**लोगों ने कहा- चैन की नींद-** सोशल मीडिया लोगों ने मेसी की इन फोटोज पर मजेदार कमेंट्स किए। किसी ने इसे चैन की नींद करार दिया तो कोई बोला- गुड स्लीप किंग ऑफ फुटबॉल। दरअसल मेसी का वर्ल्ड कप जीतने का सपना 16 साल बाद पूरा हुआ है। मेसी का यह पांचवां वर्ल्ड कप था। उन्होंने पहली बार 2006 में वर्ल्ड कप में अर्जेंटीना टीम के हिस्सा थे। पर अर्जेंटीना वर्ल्ड कप जीतने में सफल नहीं हो पाई थी। अर्जेंटीना ने तीसरी बार वर्ल्ड कप जीता है। इससे पहले 1978 और 1986 में जीता था।

**अर्जेंटीना में मेसी का भव्य स्वागत, छुटी घोषित कर दी थी-** फीफा कप की विश्व विजेता टीम स्थानीय समय अनुसार मंगलवार रात करीब 3 बजे लौटी, तब अर्जेंटीना जाग रहा था। मेसी के हाथों में ट्रॉफी देखकर करोड़ों आंखों को ऐसा ही सुकून मिला, जैसा साक्षात भगवान को देखकर मिलता है। अर्जेंटीना में मंगलवार को राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया, लेकिन रविवार से ही पूरा देश पर है। उन्होंने 11 किमी लंबा रोड शो किया गया।

**मेसी ने वर्ल्ड कप में अब तक किए हैं 16 गोल-** मेसी को दूसरी बार वर्ल्ड कप गोल्डन बॉल का अवॉर्ड मिला। हालांकि, गोल्डन बूट फ्रांस के काइलियन एमबाप्पे को मिला। जिन्होंने टूर्नामेंट में 8 गोल किए। वहीं मेसी ने इस वर्ल्ड कप में 7 गोल किए थे। फाइनल में मेसी ने 2 गोल किए। वे अब तक वर्ल्ड कप में 26 मैच खेल चुके हैं, जिनमें 16 गोल करने में सफल हुए हैं। इनमें 12 फील्ड गोल हैं और 4 गोल पेनाल्टी से किए हैं। उन्होंने 2006 में अर्जेंटीना के लिए एक गोल किया। 2010 में अपने दूसरे वर्ल्ड कप में वह एक भी गोल करने में सफल नहीं हुए थे। 2014 में उन्होंने 4 गोल किए थे। 2018 में उन्होंने 1 गोल किया। जबकि अपने पांचवें वर्ल्ड कप में उन्होंने अपने अर्जेंटीना के लिए 7 गोल किए।

# अवॉर्ड शो में पहुंचीं प्रेग्नेंट गौहर खान चेहरे पर साफ दिखा प्रेगनेंसी ग्लो




**मुंबई, ईएमएस।** साल 2022 खत्म होने के लिए अब कुछ ही दिन बाकी है। ये साल बहुत सी एक्ट्रेस के लिए काफी अच्छा रहा। किसी ने बच्चे को जन्म दिया। तो कोई शादी के बंधन में बंधा। तो कोई प्रेग्नेंट हुई। हाल ही में प्रेग्नेंट गौहर खान को अवॉर्ड शो में स्पॉट किया गया। इस दौरान गौहर ने ब्लू कलर की गाउन में नजर आई। प्रेग्नेंसी की खुशी फैंस को देने के बाद गौहर का ये पहला पब्लिक अपीयरेंस था। एक्ट्रेस के चेहरे पर साफ प्रेगनेंसी ग्लो दिखाई दे रहा है। साथ ही एक्ट्रेस दो-दो खुशियों के कारण काफी खुश नजर आ रही हैं। दूसरी खुशी ये हैं कि गौहर को शॉर्ट फिल्म सॉरी भाईसाब के लिए अवॉर्ड मिला है। अवॉर्ड नाइट की फोटो शेयर करते हुए गौहर लिखती हैं, होस्ट और विनर्स। हमने फिल्मफेयर अवॉर्ड्स 2022 में सबसे बेस्ट शॉर्ट फिल्म फिक्शन का खिताब जीता है। ससॉरी भाई साबर को धन्यवाद। हमारे शानदार डायरेक्टर्स को बधाई। गौहर खान जल्द ही मां बनने वाली हैं। हाल ही में गौहर खान ने अपने सोशल मीडिया में एक वीडियो पोस्ट कर खुशखबरी दी हैं। बता दें गौहर खान ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि बिस्मिल्लाह हिर रहमान निर रहीम, आपके प्यार और आर्शीवाद की जरूरत है। शादी के लेकर इस खूबसूरत सफर का अहसास के सफर तक'। इस पोस्ट के बाद फैंस लगातार कमेंट कर रहे हैं साथ ही कपल को बधाई दे रहे हैं। नेहा कक्कड़ ने कहा गॉड ब्लेस यू। वही अनन्या पांडे ने कहा प्यार भेज रही हूं।

# रोहित शेट्टी के साथ जैकलीन फर्नांडिस ने सर्कस में क्यों किया काम, एक्ट्रेस ने किया बड़ा खुलासा

**मुंबई, ईएमएस।** विलियम शेक्सपीयर के नाटक 'कॉमेडी ऑफ एरर्स' से प्रेरित निर्माता निर्देशक रोहित शेट्टी की नई फिल्म 'सर्कस' में सितारों की पूरी बारात है। इस फिल्म में काम करके सारे एक्टर-एक्ट्रेस काफी खुशी हैं। वही जैकलीन फर्नांडिस ने भी अपनी खुशी जाहिर की हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस जो अपनी अगली फिल्म सर्कस की रिलीज के लिए तैयार हैं, उन्होंने सुपरस्टार निर्देशक रोहित शेट्टी के साथ पहली बार काम करने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। शेट्टी ने फिल्म का निर्देशन किया है जिसमें रणवीर सिंह, पूजा हेगड़े, जॉनी लीवर, संजय मिश्रा, मुकेश तिवारी, सिद्धार्थ जाधव और वरुण शर्मा जैसे कलाकारों भी हैं। जैकलिन ने कहा फ्मुझे लगता है कि हम सभी जिन्होंने (रोहित) सर के साथ पहली बार काम किया है, यह निश्चित रूप से एक सपना रहा है। मुझे लगता है कि रोहित शेट्टी के साथ काम करना हर अभिनेता की इच्छा है। उन्होंने कहा और यह सच है, केवल उनकी फिल्में ही लार्जर दैन लाइफ नहीं दिखतीं, वे लार्जर दैन लाइफ भी शूट करते हैं। हर कोई एक बड़ा परिवार बन जाता है और वह सभी को बहुत खूबसूरती से एक साथ लाते है, हमें बहुत मजा आया। जैकलीन ने फिल्म से अपने अलग-अलग रेट्रो लुक्स से अपने प्रशंसकों को बांधे रखा है। सर्कस 23 दिसंबर, 2022 को रिलीज होने के लिए पूरी तरह से तैयार है।





# मुंबई,बीएन यूनिवर्सिटी, शिवाजी व गोवा आगे बढ़े

### पश्चिम क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय फुटबॉल पुरुष प्रतियोगिता

**जबलपुर, यशभारत।** पश्चिम क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय फुटबॉल पुरुष प्रतियोगिता के तीसरे दिन शिवाजी मैदान पर मुंबई विश्वविद्यालय एवं सोलापुर विश्वविद्यालय के मध्य हुए मैच में जिसमें मुंबई ने पेनल्टी शूट आउट में जीत हासिल की ' मंचासीन मुख्य अतिथि डॉक्टर आलोक मिश्रा, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय कुलसचिव डॉक्टर बृजेश सिंह, शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष प्रोफेसर विशाल बन्ने डॉ शक्ति सिंह मंडलोई वरिष्ठ फुटबॉलर श्री के के दुबे आदि मंचासीन रहे मंचासीन अतिथियों का स्वागत डॉ रमेश शुक्ला श्री हरीश दुबे मोइन खान संजय कुमार आदि के द्वारा किया गया मैच के दौरान विजय चौधरी वंदना यादव ज्योति जाट मोहिनी बाऊकर ओमकार दुबे ,रामफल रजक राजकुमार बावरिया सुरेश रजक जुगल किशोर मेवारी डॉक्टर सचिन कोष्टा आशीष पांडे प्रशांत यादव आदि उपस्थित रहे आज खेले गए मैचों के परिणाम इस प्रकार हैं बीएन यूनिवर्सिटी ने उदयपुर विश्वविद्यालय 2-1 से ,शिवाजी विश्वविद्यालय कोल्हापुर ने अजमेर विश्वविद्यालय को 5-0 सिंबोसिस विश्वविद्यालय ने बीएन सूरत 2-1 से गोवा विश्वविद्यालय ने मुंबई विश्वविद्यालय को 2-0 से एल एन आई पी ग्वालियर में पीडीयू सीकर को 5-0 से पराजित कर अगले दौर में प्रवेश किया तीसरे दिन प्रतियोगिता चार मैदानों पर आयोजित की जा रही है जिसमें अवधेश दुबे विजेंद्र यादव रवि कुमार डॉक्टर सुनील दत्त लखेरा आदि का सहयोग रहा प्रतियोगिता को संपन्न कराने में निर्णयकोकी भूमिका सराहनीय रही।

### 16 गोलबाजार कप 2022-23

# जबाली क्रिकेट एकेडमी सेमीफाइनल में




**जबलपुर,यशभारत।** महाकौशल शहीद स्मारक ट्रस्ट, वर्धमान स्पोर्ट्स, सिमराज स्पोर्ट्स और गोलबाजार क्रिकेट एकेडमी के तत्वावधान में गोलबाजार क्रिकेट मैदान पर खेली जा रही16 गोलबाजार कप क्रिकेट प्रतियोगिता में जबाली क्रिकेट एकेडमी सेमीफाइनल ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सिमराज स्पोर्ट्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 27.1ओवरों सभी विकेट खोकर 220 रन बनाए जिसमें मोक्ष शुक्ला ने 84, पार्थ नेमा 41, अर्श जैन 20 रन बनाए जबाली एकेडमी की ओर से गेंदबाज़ी में दीपांशु श्रीवास 4, अनुज जैसवाल 2 विकेट लिए।जवाबी पारी खेलने उतरी जबाली क्रिकेट एकेडमी ने 26.4 ओवर में 221 रनों का लक्ष्य हासिल कर लिया जिसमें हर्षित सिंह 56, अतिशय जैन 39, श्रेयश श्रीवास 28, शिवम विश्वकर्मा 25, युवराज सिंह परिहार 24 ने रनो का योगदान दिया सिमराज स्पोर्ट्स ने गेंदबाज़ी में अनुभव वर्मा 2, मोक्ष शुक्ला, अर्श जैन 1- 1 विकेट लिया यह मैच जबाली क्रिकेट एकेडमी ने 5 विकेट से जीता, मैच में निर्णायक की भूमिका में अंकित यादव, विनय लखेरा और स्कोरर नीरज खण्डेलवाल, प्रगुण पांडेय और रुद्राक्ष सोनी रहे। मैच के मुख्य अतिथि में जबलपुर शहर के वरिष्ठ क्रिकेट खिलाड़ी के. के. दरयानी जी और अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत जबलपुर महानगर के सचिव संजय मिश्रा के द्वारा मैन ऑफ द मैच मोक्ष शुक्ला को दिया गया गोलबाजार क्रिकेट एकेडमी के पदाधिकारी उपाध्यक्ष अंकित यादव जी, कोषाध्यक्ष नीरज खंडेवाल जी, सहायक कोच आकाश पटेल जी, अंकित मिश्रा जी उपस्थित रहे।



# अरहान ने मां मलाइका के ड्रेस का उड़ाया मजाक कहा- टेबल पर रखी नैपकिन की तरह लग रही हो

**मुंबई, ईएमएस।** मूविंग इन विद मलाइका के लेटेस्ट एपिसोड में मलाइका के बेटे अरहान पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने अपनी मां के कपड़ों को लेकर उन्हें ट्रोल कर दिया। दरअसल मलाइका व्हाइट और ब्लैक स्ट्रीप वाली ड्रेस में नजर आ रही थीं। बेटे अरहान ने उस ड्रेस की तुलना टेबल नैपकिन से कर दी। इसके अलावा अरहान ने ये भी कहा है कि इस ड्रेस में उनकी मां एक जेल की कैदी की तरह लग रही हैं। दरअसल मलाइका ने जो ड्रेस पहनी थी वो सामने टेबल पर रखी नैपकिन से मैच खा रही थी। इसी को लेकर अरहान ने मलाइका का मजाक उड़ा दिया। मलाइका ने बेटे अरहान को अपना कमरा दिखाया जो स्पेशली फूलों के साथ डेकोरेट किया गया था। कुछ समय बाद वे सभी लंच के लिए डाइनिंग टेबल पर बैठ जाते हैं। तभी मलाइका टेबल पर रखे नैपकिन की ओर इशारा करते हुए कहती है च्ये अरहान ) मुझसे कह रहा है कि मैं टेबल नैपकिन की तरह क्यों कपड़े पहनी हूं।ज्ये सुनते ही सब हंसने लगते हैं। अरहान ने इसके अलावा मलाइका की ड्रेस को जेल में पहनने वाले कैदियों की ड्रेस से कंपेयर कर दिया। अरहान ने कहा, च्आप अभी जेल के कैदी की तरह लग रही हो।ज्मलाइका की मां ने भी अरहान की बातों में हां में हां मिला दिया।

# अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में जबलपुर विजेता

**जबलपुर, यशभारत।** जबलपुर संभागीय क्रिकेट संघ के तत्वावधान में आयोजित अंतर जिला जिला अंडर 22 वर्षीय बालक वर्ग दो दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता जबलपुर जिले ने जीत ली है। जे डी सी ए सचिव धर्मेश पटेल ने बताया कि रानीताल क्रिकेट स्टेडियम में जबलपुर विरूद्ध कटनी जिले के मध्य खेले गए फाइनल मुकाबले जबलपुर जिले ने कटनी जिले को पहली पारी में बढ़त के आधार पर पराजित कर विजेता होने का गौरव हासिल किया। दूसरे दिन 04 विकेट पर 60 रनों से आगे खेलते हुए कटनी जिले ने सभी विकेट गंवा कर 141(47) रन बनाए, जिससे जबलपुर जिले ने पहली पारी में 41 रनों की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की। कटनी जिले से सलामी बल्लेबाज पुष्पेन्द्र सिंग ने 75(128)रनों की शानदार पारी में 06 चौके और 03 छक्के लगाए,कौशतुब तिवारी ने 18 रन बनाए। जबलपुर जिले से कप्तान अजय मिश्रा व आदित्य मिश्रा ने ?3-3 तथा इरफान अली व अमित राजपूत ने 2-2. विकेट लिए। जबलपुर जिले ने अपनी दूसरी पारी में 05 विकेट पर 183 रन बनाकर पारी घोषित कर कटनी जिले के समक्ष 225 रनों का लक्ष्य रखा, इरफान अली ने 60(105), गीत ढींगरा ने 68(111) रन व आशू यादव ने 26 रनों की पारी खेली। कटनी जिले से नीलेश नामदेव ने। 02 तथा सुमित सिंग तथा कौशतुभ तिवारी ने 1-1 विकेट लिया। कटनी जिले ने दूसरी पारी में बिना विकेट खोए 29(8) रन बनाए, पुष्पेन्द्र सिंग नाबाद 22 तथा अयाज़ अनवर 7 रनों पर नाबाद रहे। पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि जे डी सी ए अध्यक्ष निशित भाई पटेल ी, सचिव धर्मेश पटेल तथा रणजी ट्रॉफी चयनकर्ता व खिलाड़ी अजय राजपूत, पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी विक्रम जनसारी, आनन्द रजक द्वारा विजेता तथा उपविजेता टीम को ट्राफी प्रदान की गई, इस अवसर पर शहर के पूर्व क्रिकेटर ज्योतिष पांडे, नितिन पांडे, ईश्वर तिवारी, सुखेश झा, विनय सिंग, अम्पायर याकूब ख़ान, विष्णु पटेल तथा अग्रज शर्मा जी मौजूद रहे। संचालन पवन सिंधिया द्वारा किया गया।



## प्लेटफार्म में ही रह गई मां, जीआरपी ने की मदद

# डेढ़ साल के बच्चे को चढ़ाते ही छूटी ट्रेन

कटनी, यशभारत। रीवा से इतवारी के बीच कटनी होकर चलने वाली गाड़ी संख्या 11753 रीवा-इतवारी एक्सप्रेस ट्रेन में मैहर से जबलपुर की यात्रा के दौरान एक डेढ़ वर्षीय बालक को मां ने जैसे ही ट्रेन में चढ़ाया वैसे ही ट्रेन छूट गई और मां नहीं चढ़ पाई। छोटे से बच्चे के ट्रेन में चले जाने को लेकर महिला हैरान-परेशान होने लगी। उसने आरपीएफ व जीआरपी से संपर्क किया। जीआरपी के आरक्षकों ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए ट्रेन के कटनी पहुंचने पर सुरक्षित बच्चे को अपने पास रखा व अभिभावकों के आने पर बच्चे को सुपुर्द किया।



इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जबलपुर के नेपियर टाउन रसल चौक निवासी 30 वर्षीय श्रीकांत जैन पिता राकेश जैन की पत्नी ऋचा जैन डेढ़ वर्षीय पुत्र आगम को लेकर जबलपुर से मैहर दर्शन करने गई थी। दर्शन के बाद रेलवे स्टेशन मैहर में जनता एक्सप्रेस से जबलपुर जाना था। ट्रेन आने पर बालक आगम को ट्रेन के एसी कोच में चढ़ा दिया, तभी ट्रेन चल पड़ी। पत्नी रेलवे स्टेशन मैहर में ही रह गई। रेलवे द्वारा सहायता केंद्र में बालक के छूटने की सूचना दी गई। रेलवे पुलिस कटनी के द्वारा बालक को कटनी में सुरक्षित उतार कर ऋचा जैन, श्रीकांत जैन के सुपुर्द किया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक प्रदीप सिंह सहित आरक्षक परशुराम यादव व मुकेश मिश्रा की भूमिका रही।

# रेलवे स्टेशन के सायकल स्टैंड का ठेका समाप्त

### 26 दिसंबर को खुलेगा नया टेंडर, तब तक भगवान भरोसे खड़े कर सकते हैं वाहन




**कटनी, यशभारत।** मुख्य रेलवे स्टेशन कटनी में पार्किंग ठेका मंगलवार की रात 12 बजे समाप्त हो गया। प्लेटफॉर्म क्रमांक 2 की तरफ बने पार्किंग स्टैंड में अब यात्री व अपडाउनर्स निःशुल्क अपने वाहन खड़े कर सकेंगे। इसके एवज में उन्हें भुगतान नहीं करना होगा। हालांकि पार्किंग ठेका खत्म होने से वाहनों की सुरक्षा पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। यात्रियों को यहां खुद के रिस्क पर वाहन खड़े करने होंगे। राहत की बात यह है कि समीप ही जीआरपी थाना संचालित है, जिससे वाहन सुरक्षित रहने की उम्मीद की जा सकती है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार प्लेटफॉर्म क्रमांक 2 की तरफ 21 सितंबर 2017 से 20 सितंबर 2022 तक रेलवे द्वारा पार्किंग स्टैंड करीब 12 लाख रुपए वार्षिक शुल्क पर ठेके में दिया गया था। कोरोना काल में हुए नुकसान को देखते हुए रेलवे बोर्ड के आदेश पर 20 सितंबर के बाद रेलवे ने 90 दिन और बढ़ा दिए थे। जिसके चलते अब ठेका 20 व 21 दिसंबर की रात 12 बजे समाप्त हो गया। स्टेशन प्रबंधक व्ही.के.शर्मा ने बताया कि रेलवे द्वारा नए सिरे से ठेका प्रक्रिया शुरू की गई है। ई-ऑक्शन किया गया है जो 26 दिसंबर को खोला जाएगा।

# घर से 62 हजार के मोबाइल चोरी

**कटनी, यशभारत।** उमरियापान थाना अंतर्गत उमरियापान बस्ती में एक मकान के अंदर से बदमाशों 62 हजार रूपए कीमती मोबाइल लेकर चंपत हो गए। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक उमरियापान निवासी मुन्ना लाल पिता राम सहाय ठाकुर के मकान के अंदर से बदमाशों ने चार मोबाइल फोन पार कर दिए। चोरी गए मोबाइल फोन की कीमत 62 हजार रूपए बताई जा रही है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरूद्ध धारा 379 के तहत मामला दर्ज किया है।

## युवक से गांजा बरामद

**कटनी, यशभारत।** स्लीमनाबाद पुलिस ने सलैया फाटक के पास एक युवक को प्रतिबंधित गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम पिपरिया सहलावन निवासी 19 वर्षीय अनूज सिंह पिता छोटे सिंह राजपूत को सलैया फाटक के पास 7 हजार रूपए कीमती 550 ग्राम प्रतिबंधित गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के विरूद्ध नारकोटिक्स एक्ट की धारा 8, 20 के तहत कार्रवाई की गई है।


# ट्रक चालक को 6 माह का सश्रम कारावास

कटनी, यशभारत। कुठला थाना अंतर्गत घटित सड़क दुर्घटना के एक मामले में न्यायालय ने लापरवाह ट्रक चालक को 6 माह के सश्रम कारावास की सजा से दंडित किया है। अभियोजन पक्ष के मुताबिक अभियुक्त बाल्मीकी काछी ने दिनांक 29 मार्च 2014 को घाटखेरवा के पास जुहला बायपास रोड पर ट्रक क्रमांक एम.पी.18 जीए-1836 को उतावलेपन या उपेक्षापूर्वक चलाकर विपरीत दिशा से आ रहे वाहन क्रमांक एम.पी.04एचई-1477 को टक्कर मारी। जिससे उसके चालक की मौत हो गई।



कुठला पुलिस ने लिखित आवेदन पत्र प्रस्तुत कर प्रथम सूचना रिपोर्ट लेखबद्ध कराई गई। मीडिया सेल प्रभारी सुरेन्द्र कुमार गर्ग ने बताया कि थाना कुठला थाना के अपराध क्रमांक 110/2014 व प्रकरण क्रमांक आरसीटी 2472/2014 में आरोपी बाल्मीकी काछी को ट्रक को उतावलेपन या उपेक्षापूर्वक चलाकर मानव जीवन संकटापन्न करने के आरोप में धारा 279, 304ए, 338, 337 में दोषी पाते हुये न्यायालय द्वारा घोषित निर्णय में धारा 279 में 03 माह का सश्रम कारावास एवं 250 रूपये का अर्थदंड, धारा 304ए में 06 माह का सश्रम कारावास एवं 500 रूपये के अर्थदंड, धारा 337 में 03 माह का सश्रम कारावास एवं 250 रूपये के अर्थदंड, धारा 338 में 04 माह का सश्रम कारावास एवं 500 रूपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। उक्त प्रकरण में पैरवी धर्मेन्द्र कुमार तिवारी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी द्वारा की गई। विवेचना उपरांत अभियोग पत्र तैयार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया ए तत्पश्चात माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को उपरोक्तानुसार दंडित किया गया।

## सड़कों पर निकले गजराज



शहर की सड़कों पर आज लंबे समय बाद हाथी व महावत की जोड़ी नजर आई। हाथी पर सवार होकर महावत लोगों से दान दक्षिणा लेते नजर आए।

# मोबाइल की लत से युवा हो रहे नोमोफोबिया का शिकार

### उठने, बैठने व लेटे रहने के कारण बढ़ रही समस्या

**कटनी, यशभारत।** गलत तरीके से बेड पर लेटने, कुर्सी पर आराम से एक टक में मोबाइल को देखते रहने की लत युवाओं में तेजी से बढ़ी है। यही कारण है कि चंद पलों भी मोबाइल से दूर न रहने वाले 25 से 35 आयु वर्ग के युवा नोमोफोबिया का शिकार हो रहे हैं। हाल ही में शहर के डॉक्टर्स के पास ऐसे कई मामले पहुंचे, जिसमें युवा नोमोफोबिया से ग्रसित नजर आए। जब डॉक्टर्स ने उनसे उनके रूटिन के बारे में पूछा तो इसका खुलासा हुआ कि वे सभी मोबाइल का अधिक उपयोग करते थे। जानकारी के अनुसार फोन का उपयोग करते वक्त लोग उसमें इतने मशगूल हो जाते हैं कि उन्हें यह तक ध्यान नहीं रहता कि वे किस पोजीशन में बैठे या लेटे है।



### क्या है नोमोफोबिया

नोमोफोबिया एक तरह की मानसिक बीमारी का रूप है। जिसमें हर वक्त यूजर को लगता है कि कहीं उसका मोबाइल उससे दूर न हो जाए। वह हर वक्त मोबाइल का खुद से ज्यादा ख्याल रखता है और उसे अपने साथ अपने पास रखता है। कई बार ऐसा होता है कि फोन में रिंग न बजने पर भी उन्हें रिंग सुनाई देती है तो कई बार मोबाइल दूर जाने का डर सताता रहता है। इसी स्मार्टफोन की लत को नोमोफोबिया कहते है।

### बढ़ी दूसरी बीमारी

फोन की इसी लत के कारण युवा स्लिप डिस्क, कमर दर्द, सिर दर्द, गर्दन दर्द समेत अन्य गंभीर बीमारियों के शिकार हो रहे है। पहले तो डॉक्टर्स इन्हें सामान्य मानकर इलाज कर रहे हैं लेकिन जब कोई इसके पीछे की वजह तलाश रहा है तो 80 प्रतिशत में नोमोफोबिया के कारण इसका शिकार बनते नजर आ रहे है।

### इन बातों का रखें ध्यान

- फोन का उपयोग कम करें।
- जरूरत पड़ने पर विशेषज्ञ से सलाह ली जा सकती है।
- आउटडोर गेम, क्रिएटिव एक्टिविटी और संवाद बनाएं।
- महत्वपूर्ण कार्य करते समय फोन को इस्तेमाल नहीं करें।
- बैठने और लेटने की आदत पर स्वयं भी गौर करते रहना चाहिए।

# पति, जेठ, जेठानी के विरूद्ध प्रकरण दर्ज

### नवविवाहिता के विषपान से गंभीर होने का मामला



**कटनी, यशभारत।** रीठी थाना अंतर्गत बिरूहली गांव में एक विवाहिता के द्वारा आत्महत्या करने की नियत से अत्यधिक मात्रा में जहरीली वस्तु का सेवन करने के मामले में पुलिस ने पति, जेठ व जेठानी के विरूद्ध मामला दर्ज कर लिया है। गौरतलब है कि ग्राम बिरूहली निवासी 22 वर्षीय पूजा यादव पति ओंकार यादव ने आरोप लगाया था कि दो साल पहले उसका विवाह ओंकार यादव के साथ हुआ था। शादी के बाद से दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित किया जा रहा है। पूजा के पिता ग्राम देवडोंगरा निवासी अज्जू यादव ने आरोप लगाया कि शादी में एक लाख से अधिक का दहेज दिया गया था। फिर 16 हजार दिए लेकिन उसके बाद 50 हजार व कार की मांग की गई। दहेज की मांग पूरी न होने पर पूजा को प्रताड़ित किया जाता है। महिला के मायके पक्ष का आरोप था कि पूजा को बंधक बनाकर पति ओंकार यादव, ससुर सुनील यादव, जेठ कान्हा यादव, बड़ी सास कला यादव, सास पूनम, विशाल यादव व कोदू यादव आदि ने जबरन जहर पिलाकर उसकी हत्या करने का प्रयास किया है। फिलहाल महिला का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। मामले को लेकर रीठी थाना प्रभारी सतीश तिवारी ने बताया कि इस मामले में पूजा की शिकायत पर पति ओंकार यादव सहित जेठ व जेठानी के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है।

मंगलम मैरिज गार्डन
सुसज्जित एसी कमरे, इन्वर्टर की व्यवस्था, बाथरूम में (गीज़र) ठंडे-गरम पानी की सुविधा, पार्किंग व सीसीटीव्ही कैमरे सहित सर्वसुविधायुक्त परिसर


पता- तिलक कॉलेज मोड़ दुर्गा चौक कटनी (म.प्र.) मो. 9131557376, 8826017861




प्लाट बिकाऊ हैं
शांतिनगर, बारह बंगला, राय कॉलोनी एवं समदड़िया सिटी के पास हर साइज के प्लाट उपलब्ध हैं।
दर- 1000/- से 1200/- प्रति वर्गफुट
अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें - मो. 9993705740

JOHNSON
Not just tiles, Lifestyles.

सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- जॉकी शोरूम के पास में कटनी-जबलपुर रोड, बरगवां, मो. 9425153498, 7067666668

मरीज की सुरक्षा पहली प्राथमिकता

एडवांस्ड
सिटी स्कैन एवं एक्सरे सेन्टर
32-96 स्लाइस की अति आधुनिक 2021 मॉडल की मशीन परंपरागत सीटी मशीन की तुलना में रेडिएशन के दुष्प्रभाव से बेहतर सुरक्षा प्रदान करती है।
क्योंकि इसमें है विश्वस्तरीय टिन टेक्नॉलाजी एवं आर्टीफिशियल इन्टेलीजेन्स
समय के साथ विश्व स्तर पर विस्तृत हो रही टेक्नॉलाजी को अपनाएं एवं बेहतर सुरक्षा के साथ बेहतर रिजल्ट पाएं
जालपा वार्ड, घंटाघर रोड, कटनी
शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक चौदहा की क्लीनिक के सामने
9893723087,8319994375, 8103404843 फोन 07622-494511

SHRI HOSPITAL KATNI


विश्वसनीय आईसीयू केयर, जनरल दूरबीन एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन, फिजीशियन, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ द्वारा दांतों के सभी प्रकार के इलाज की सुविधा उपलब्ध है।
डॉ. शोभित प्यासी बी.डी.एस./एम.डी.एस. रूट कैनाल विशेषज्ञ
डॉ. उपासना स्थापक बी.डी.एस./एम.डी.एस. पाइरिया एवं इम्पलांट विशेषज्ञ
संपर्क करें- श्री हॉस्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड बरगवां, कटनी
9425325316, 9425151543, 9752414316

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)